


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 153

ग्वालियर, शुक्रवार , 23 जुलाई, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




मौसम

दिल्ली, उप्र और हरियाणा में भारी बारिश का अलर्ट

## प्रदेश में आज भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर सहित इन इलाकों में हो सकती है बारिश

भोपाल

बंगाल की खाड़ी में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बन गया है। यह सिस्टम गुरुवार को कम दबाव के क्षेत्र में परिवर्तित होगा। इसके प्रभाव से शुक्रवार को पूर्वी मध्यप्रदेश के जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है। उधर बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आ रही नमी के कारण कुछ जिलों में बौछारें पड़ने का सिलसिला बना हुआ है। इसी क्रम में बुधवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक नौगांव में 60, नरसिंहपुर में 24, मलाजखंड में 11, मंडला में आठ, खजुराहो में 7.2, पचमढ़ी में छह, रायसेन, छिंदवाड़ा, बैतूल में चार, इंदौर, धार, सागर में तीन, रीवा, रतलाम में दो मिलीमीटर बरसात हुई। राजधानी में शाम के समय रिमझिम फुहारें पड़ीं। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को राजधानी का



अधिकतम तापमान 30.8 डिग्रीसेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से एक डिग्रीसे. अधिक रहा। साथ ही मंगलवार के अधिकतम तापमान (28.7 डिग्रीसे.) की तुलना में 2.1 डिग्रीसे. अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्रीसे. रिकार्ड किया गया। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी जीडी मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवात बना है। इसके प्रभाव से गुरुवार को सागर, रीवा, जबलपुर, शहडोल, भोपाल, होशंगाबाद, ग्वालियर, चंबल, उज्जैन एवं इंदौर संभाग के जिलों में बारिश की संभावना है। शुक्रवार को पूर्वी मप्र और उससे लगे पश्चिमी मप्र के कुछ जिलों में भारी वर्षा की भी संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में पूर्वी उत्तरप्रदेश पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। साथ ही मानसून ट्रफ अमृतसर, करनाल, अलीगढ़, जमशेदपुर से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक बना हुआ है। इस वजह से लगातार मिल रही नमी के कारण प्रदेश के विभिन्ना क्षेत्रों में रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला बना हुआ है।

## संसद में भी सुनाई दी दैनिक भास्कर पर एक्शन की गूंज



नई दिल्ली, एजेंसी

मीडिया संस्थान दैनिक भास्कर ग्रुप के दफ्तरों पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने छापेमारी की है। आयकर विभाग ने टैक्स चोरी के आरोपों में मीडिया समूह दैनिक भास्कर के विभिन्न शहरों में स्थित परिसरों पर गुरुवार को रेड मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि छापेमारी भोपाल, जयपुर, अहमदाबाद और कुछ अन्य स्थानों पर की जा रही है। हालांकि, दैनिक भास्कर पर छापेमारी की गूंज संसद में भी सुनाई दी और कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी पार्टियों ने ऐसा हंगामा किया कि राज्यसभा की कार्यवाही भी कुछ समय के लिए स्थगित करनी पड़ गई।

समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, दैनिक भास्कर पर रेड के खिलाफ संसद में विपक्षी दलों के सदस्यों ने मीडिया समूह दैनिक भास्कर पर टैक्स छापे और जासूसी विवाद पर जमकर नारेबाजी की, जिसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित कर दी गई। इधर, आधिकारिक सूत्रों की मानें तो यह कार्रवाई विभिन्न राज्यों में संचालित हिंदी मीडिया समूह के प्रवर्तकों के खिलाफ भी है। दैनिक भास्कर पर छापेमारी को लेकर कांग्रेस नेता जयराम नरेश से लेकर दिग्विजय सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस के दिग्गज नेता जयराम रमेश ने ट्वीट किया, दैनिक भास्कर ने अपनी रिपोर्टिंग के जरिए मोदी सरकार की ओर से कोरोना के कुप्रबंधन का खुलासा किया था। अब उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है। यह अघोषित आपातकाल है, जैसा अरुण शौरी कहते हैं कि यह मोडीफाइड इमरजेंसी है।

कांग्रेस बोली- कोरोना पर सच दिखाने की कीमत चुका रही कंपनी

कोविड का ऐसा डर

### ...तो परिवार ने खुद को 15 महीनों तक घर में कैद कर लिया

**कर्नाटक।** आंध्र प्रदेश के ईस्ट गोदावरी में अधिकारियों ने बुधवार को एक परिवार को रेस्क्यू किया है, जिसकी सेहत काफी खराब हालत में थी। कदाली गांव के इस परिवार ने कोरोना के डर से करीब 15 महीनों तक खुद को घर में कैद कर लिया था। कोई भी स्वास्थ्यकर्मी जब इनके घर पहुंचता था तो ये लोग जवाब नहीं देते थे। इस वजह से इनकी स्थिति का पता नहीं चल पाया। कदाली के सरपंच चोपल्ला गुरुनाथ ने बताया कि रुथम्मा (50), कांतामणि (32) और रानी (30) ने खुद को इसलिए घर में कैद कर लिया था, क्योंकि उनके एक पड़ोसी की मौत कोरोना संक्रमण के चलते हो गई थी।

### राज कुंद्रा पॉर्न मूवी केस में मुंबई क्राइम ब्रांच के हाथ लगे करीब 70 वीडियो

**मुंबई (ए)।** राज कुंद्रा पॉर्न मूवी केस की जांच कर रही मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है, क्राइम ब्रांच के सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि उसके हाथ आरोपी उमेश कामत की ओर से बने करीब 70 वीडियो लगे हैं। जानकारी दी गई है कि यह सभी वीडियो कामत ने अलग-अलग प्रोडक?शन हाउस की मदद से बनाए थे।वहीं सूत्रों ने बताया है कि हॉटशॉट एप पर अपलोड हुए 20 मिनट से 30 मिनट तक के कुल 90 वीडियो भी क्राइम ब्रांच के हाथ लगे हैं। मुंबई क्राइम ब्रांच की पूछताछ के दौरान राज कुंद्रा को ये वीडियो दिखाए गए जो उमेश कामत ने ब्रिटेन की प्रोडक्शन कंपनी केनरिन को दिए थे। क्राइम ब्रांच का कहना है कि पूछताछ के दौरान राज कुंद्रा लगातार दावा कर रहे हैं कि वह पॉर्न वीडियोज नहीं बनाते थे, बल्कि अन्य ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आने वाले इरॉटिक वीडियोज की तरह ही वीडियोज बनाते थे। कड़ी पूछताछ के दौरान राज कुंद्रा का साथी और आईटी हेड रायन थोर्पे भी टूट गया और रायन ने जांच अधिकारियों को बताया कि इस पूरे रैकेट में उसका रोल कुंद्रा और अन्य स्टाफ को यह बताना था कि किस तरह से टेक्निकल चीजों से एहतियात बरतकर वहां कानून से बच सकते हैं। राज कुंद्रा के दो ऑफिस विआन इंडस्ट्रीज लिमिटेड और एलजी स्ट्रीमिंग पर छापेमारी की गई।

### राजस्थान में फिर कांपी धरती

**जयपुर।** राजस्थान के बीकानेर में गुरुवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.8 मापी गई है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप सुबह 7 बजकर 42 मिनट पर आया। इसका केंद्र बीकानेर से 413 किमी उत्तर-पश्चिम में 15 किमी की गहराई पर था। भूकंप से अब तक किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।

## ममता से बंगाल संभल नहीं रहा हैं, देश संभालने की बात कर रही हैं : रूपा गांगुली



**कोलकाता (ए)।** मिशन 2024 के तहत ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल से बाहर आकर देशभर के अलग-अलग राज्यों में अपनी और अपनी पार्टी की पकड़ मजबूत करने के लिए प्रयास कर रही हैं। माना जा रहा है कि ममता बनर्जी अगले सप्ताह दिल्ली का दौरा कर विपक्ष के बड़े नेताओं से मुलाकात करेंगी। ममता ने शहीद दिवस के अवसर पर भाजपा विरोधी पार्टियों को एक साथ आने का आह्वान देकर कहा था कि हमें जल्द ही एक फ्रंट बनाना चाहिए। ममता ने कहा था कि भाजपा एक लोकतांत्रिक देश को कल्याणकारी राष्ट्र के बजाय निगरानी वाले राष्ट्र में बदलना चाहती है। बनर्जी ने कहा, ''भाजपा और उसके सत्तावादी शासन का विरोध करने वालों को इस हराना चाहिए। भाजपा ने देश को अंधेरे में ला दिया है। हम सभी को इस नई रोशनी में ले जाने के लिए आगे आना होगा।''ममता के इन्हीं बयानों पर भाजपा सांसद रूपा गांगुली ने पलटवार कर कहा कि ममता बनर्जी राज्य में एक भी मामले को ठीक करने में सक्षम नहीं है। राज्य में चुनाव के बाद हिंसा के दौरान करीब 35000 महिलाओं को प्रताड़ित किया गया। रूपा गांगुली ने कहा कि ममता को लगता है कि भारत के सभी लोगों को नहीं पता कि बंगाल में किस तरह के हिंसा हो रही है। ममता बनर्जी 10 सालों से यहां सत्ता में है और उनका कार्यकाल अब भी जारी है। ममता बनर्जी के कार्यकाल 2015-16 के बाद जो कुछ भी हो रहा है क्या सही है? रूपा ने साफ तौर पर कहा कि ममता से बंगाल तो संभल नहीं रहा, वह देश क्या संभाल पाएंगी। भाजपा की ओर से कहा गया कि यह स्वतंत्रता से पहले कोलकाता में हुई हत्याओं के तारीख के साथ मेल खाता है।

रूपा गांगुली ने कहा कि देखिए सबसे पहले तो ममता बनर्जी बहुत झूठ बोलती हैं। बंगाल में उन्होंने जो हालात पैदा किए हैं वह पूरे भारत में कभी नहीं हुई। रूपा गांगुली ने सवाल किया कि 16 अगस्त को खेला होबे दिवस के रूप में क्यों चुना गया? यह सभी के लिए चिंता का विषय है क्योंकि उस दिन एक काला दिवस जुड़ा हुआ है।

## केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मध्यस्थता कराने पर खत्म हो सकता हैं किसान आंदोलनः नरेश टिकैत



**बागपत (ए)।** भारतीय किसान यूनियन के नेता नरेश टिकैत ने केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर को पिंजरे का तोता% बताकर कहा कि अगर सरकार चाहे,तब आंदोलन को खत्म करवा सकती है,इसके लिए उन्होंने राजनाथ सिंह से मध्यस्थता कराने की बात कही है। बागपत पहुंचे टिकैत ने कहा कि राजनाथ की बात पर किसान विश्वास करते हैं, उनके द्वारा मध्यस्थता करने पर इस आंदोलन का हल निकल सकता है। इसके साथ ही उन्होंने साफ कहा कि जब तक कोई समाधान नहीं होता किसान दिल्ली से वापस नहीं लौटने वाले है। किसान अपनी पीड़ा लेकर केंद्र सरकार की चौखट पर बैठे हैं, लेकिन सरकार किसानों के साथ बदले की भावना के तहत व्यवहार कर रही है। सरकार लगातार हठधर्मिता दिखा रही है। नरेश टिकैत ने साफ कर दिया कि भारतीय किसान यूनियन चुनाव नहीं लड़ेगा। उन्होंने कहा कि ना भारतीय किसान यूनियन और न ही टिकैत परिवार का कोई सदस्य चुनाव लड़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि 5 सितंबर को मुजफ्फरनगर में होने वाली महापंचायत में संयुक्त मोर्चा फैसला लेगा कि भारतीय किसान यूनियन किस राजनीतिक दल का समर्थन करेगा और उनके साथ चुनाव में खड़ा होगा।

## अखिलेश यादव बोले- बीजेपी झूठी पार्टी, इसे हटाइए...

### पूर्व सीएम का दावा, सपा इस बार यूपी में 350 सीटें जीतेगी

**लखनऊ(ए)।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा झूठी पार्टी है, इसे हटाइए। उन्नाव जिले के सरौसी गांव के मनोहर लाल इंटर कालेज में स?थापित पूर्व मंत्री मनोहर लाल की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद उपस्थित समूह को संबोधित करते हुए सपा प्रमुख यादव ने कहा कि भाजपा के लोग झगड़ा लगाने का काम करते हैं। भाजपा ने पंचायत चुनावों में नोट का इस्तेमाल किया और ब्लाक प्रमुख तथा जिला पंचायत अध्यक्षों के पद हथिया लिए। भाजपा ने सरकारी संस्थाओं को बेच दिया है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के रहते नौजवानों की बेकारी बढ़ी, महंगाई बेलगाम हुई। साढ़े चार साल में एक फैक्ट्री प्रदेश में नहीं लगी है। लोगों को इस सरकार ने भुखमरी के कगार पर पहुंचा दिया है। भाजपा को सत्ता से हटाने का आह्वान करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि



समाजवादी पार्टी इस बार 350 सीटें जीतेगी। मंत्री रहे मनोहर लाल को नमन करते हुए यादव ने कहा कि आज यहां बड़ी रैली होनी थी जिसकी प्रशासन ने अनुमति नहीं दी। उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मनोहर लाल जीवनभर गरीबों, दलितों, पिछड़ों की आवाज उठाते रहे और उनके लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ही भाजपा का विकल्प है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार रही तो इसी तरह बेरोजगारी बढ़ती रहेगी। न नौकरी मिलेगी और न ही रोजगार मिलेगा। तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक करोड़ नौकरी देने का वादा किया था, वादा तो पूरा नहीं किया उल्टे मंहगाई इतनी बढ़ा दी कि जो मुफ्त में सिलेंडर मिले थे वह भी मंहगाई के चलते भराए नहीं जा सकते। यादव ने कहा, ''बड़े बड़े कार्यक्रम करके उद्योग लाने के दावे किये गये थे लेकिन बताइए कितना निवेश आया। मंहगाई बढ़ा दी, किसान की आय दो गुनी कर नहीं पाए बल्कि उनकी आय कम कर दी है। रोजगार दिये नहीं बेरोजगारी बढ़ गयी। कोरोना वायरस पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नाकामी सबके सामने है, तीसरी लहर की चर्चा है पर भाजपा सरकार इसके लिए क्या तैयारियां कर रही है, पता नहीं? उन्होंने कहा, भाजपा झूठ बोलने वाली पार्टी है, वह गुमराह करती है। सरकार ने कोरोना वायरस संक्रमण के समय जनता को अनाथ छोड़ दिया। उन?होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के समय नेताओं, पत्रकारों आदि कई लोगों की जासूसी की खबरें है। भाजपा का राज्य विधानसभा, संसद तक भारी बहुमत है, फिर उसे जासूसी कराने की क्या जरूरत आ पड़ी? जासूसी करना दंडनीय अपराध है।










## संक्षिप्त समाचार

### वैक्सीन लगवाने आए लोगों को मलेरिया, डेंगू से बचाव की दी जानकारी

**कोरोना के साथ-साथ मच्छर, मलेरिया एवं डेंगू से बचने की दी समझाइश**

**शिवपुरी।** डेंगू माह के अंतर्गत जिले को डेंगू एवं मलेरिया मुक्त बनाने हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे है। जिले के विकासखंड पिछोर के ग्राम मनपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ.रोहित भदकारिया एवं फैमिली हेल्थ इंडिया की एंबेड टीम के सहयोग से वैक्सीनेशन कैंप के दौरान करीब 300 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। इसी क्रम में ग्राम से आए लोगों को लार्वा दिखाकर व फिल्म एवं पोस्टर के माध्यम से मलेरिया, डेंगू से बचाव के साधन बताए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.ए.एल.शर्मा एवं मलेरिया अधिकारी डॉ.लालजू शाक्य के निर्देशानुसार आयोजित शिविर में उपस्थित लोगों को बताया कि डेंगू एवं मलेरिया एक बहुत ही खतरनाक बीमारी है जिसका समय पर इलाज न होने पर ये घातक हो सकती है। इसके बचाव के लिए अपने घरों के आसपास कहीं भी किसी भी प्रकार का कोई पानी जमा न होने दें, जो पानी घर पर रखा है उसको ढक के रखें। जिला समन्वयक फैमिली हेल्थ इंडिया एम्बेड परियोजना दीपक जोहरी के द्वारा मच्छर के जीवन काल को समझाया और इस को नष्ट करने की पूरी विधि बताते हुए कहा कि अगर शुरुआत में ही मच्छर को पनपने से रोका जा सकता है तो किसी प्रकार का मच्छर पैदा नहीं हो पाएगा और मलेरिया डेंगू जैसी बीमारी से बचा जा सकता है इसलिए हमेशा अपने घरों के आसपास साफ सफाई रखे और कोरोना जैसी खतरनाक बीमारी को ध्यान में रखते हुए शासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए लोगों को जागरूक किया और बताया कि अपने बच्चों एवं बुजुर्गों तथा स्वयं को इस कोरोना काल की महामारी से बचाव करें व वैक्सीन अवश्य लगवाए। साथ-साथ मलेरिया एवं डेंगू जैसी खतरनाक बीमारी से बचाव हेतु सदैव मच्छरदानी, कॉयल, फास्ट कार्ड, स्प्रे, फुल आस्तीन के कप? आदि का उपयोग करें। उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम और एंबेड टीम के सदस्य विवेक, महेश कुमार, रियाज, सतेन्द्र, बंटी, केशव, हरगोविंद का विशेष योगदान रहा।



### शिवपुरी कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी



### ने नवनिर्मित पार्क में किया वृक्षारोपण

शिवपुरी। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल द्वारा पुलिस लाइन आवासीय परिसर में नवनिर्मित पार्क में गुरुवार को वृक्षारोपण किया पुलिस लाइन शिवपुरी में अंकुर अभियान के तहत फल एवं फूलदार पौधे का वृक्षारोपण कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल एवं अन्य अधिकारियों द्वारा किया गया एवं वायुदूत ऐप पर फोटो अपलोड किए। पर्यावरण को साफ एवं स्वच्छ रखने के लिए सभी को ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण एवं फोटो अपलोड करने के निर्देश दिए। इस कार्यक्रम मैं शिवपुरी कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह,पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल,अति.पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया,पुलिस अधीक्षक अजय भार्गव,नगर पालिका सीएमओ गोविंद भार्गव,रक्षित निरीक्षक भरत सिंह यादव उपस्थित रहे।

### पूरे जिले में 24 जुलाई को वृहद वृक्षारोपण अभियान

**शिवपुरी।** अंकुर अभियान के तहत पूरे जिले में वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसी क्रम में 24 जुलाई को जिले में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा।कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने गुरुवार को गूगल मीट के माध्यम से आयोजित बैठक में समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को अंकुर अभियान के संबंध में निर्देश दिए हैं। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि अंकुर अभियान के तहत वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाना है। इसके तहत सभी को वायुदूत ऐप डाउनलोड करना है। एप पर रजिस्ट्रेशन करके पौधा लगाकर फोटो अपलोड करना है। प्रथम फोटो अपलोड करने के 30 दिवस के बाद पौधे का दूसरा फोटो अपलोड करना है। इस अभियान में सभी अधिकारियों और उनके अधीनस्थ स्टाफ की सक्रिय भूमिका होनी चाहिए। सभी अधिकारी कर्मचारी वृक्षारोपण करें। अपने कार्यालय, घर एवं आसपास स्थान पर

# भांग का ठेका नाम का ठेका,शिवपुरी के भांग ठेके पर होता है गांजे का अवैध व्यापार

### हर रोज खपाई जाती है गांजे की बड़ी खेप

शिवपुरी।



शिवपुरी में गांजे का काला व्यापार सरकारी भांग ठेके के नाम से भरपूर फलफूल रहा है बड़ी ही आसानी से उपलब्ध होने के कारण आज की युवा पीड़ी गांजे के नशे की आदि होती जा रही है प्रशासन व पुलिस के चंद अधिकारियों की मिली भगत से भांग ठेकेदार चंद पैसों के फायदे के लिए आज की युवा पीड़ी को नशे की इस गहरी खाई में झोंककर उनके जीवन को बरबाद करने में लगे हुए है ।

### शिवपुरी शहर में है तीन भांग के ठेके

**शिवपुरी नगर में इस समय तीन भांग के ठेके संचालित हो रहे है**

1 - जिसमें एक शहर के हृदय स्थल माधव चौक पर मौजूद है इस ठेके से चंद कदम दूर शिवपुरी नगर का सबसे बड़ा सहायता केंद्र बना हुआ है जबकि इस सहायता केंद्र पर एक दिन भी ऐसा नहीं जाता कि यहां पुलिस का बड़ा अधिकारी न आता हो मगर फिर भी यह भांग ठेका गांजे से लैस रहता है और यहां धड़ल्ले से गांजे की खेप को ठिकाने लगाते है

2 - दूसरा भांग ठेका भी शिवपुरी के बस स्टेंड पर इन ठेकेदारों द्वारा स्थापित किया है शिवपुरी बस स्टैंड पर भी आम जनता से लेकर हजारों यात्री प्रतिदिन सफर करते है और उन सभी को बड़े ही आसानी से धुंए वाला जहर मुहैया कराया जाता है यानी कि इस भांग के ठेके पर भी गांजे की बड़ी खेप को ठिकाने लगा दिया जाता है। इस भांग के ठेके पर ठेकेदार को बस स्टैंड का बड़ा अच्छा फायदा मिला है यहां से आस-पास के ग्राम व तहसीलों पर गांजे की खेप को बड़े ही आराम से लाया व पहुँचाया जाता है साथ ही अपनी दूसरी ठेके की दुकान पर पहुँचा दिया जाता है।

3 - शिवपुरी शहर में तीसरा भांग का ठेका पुरानी शिवपुरी में स्थित है पुरानी शिवपुरी में नशे के आदि युवाओं की संख्या बहुत अधिक है इससे पहले पुरानी शिवपुरी में मिलने वाले स्मेक के नशे से शिवपुरी में कइयों को जान से हाथ धोना पड़ा है कइयों के घर बर्बाद हुये है तो भला यहां भांग ठेके पर गांजे का व्यापार किस हद तक हो रहा होगा इसका अंदाज सायद आपके द्वारा लगाया जा सकता है जब पुरानी शिवपुरी में आसानी से स्मेक आदि बड़ी ही आसानी से प्राप्त की जा सकती है तो ठेकेदार साहब पर तो भांग का ठेका है बस उसी भांग के ठेके पर गांजे की खेप युवाओं में खपाई जा रही है ।

### घातक है परिणाम

शिवपुरी का युवा आज चिलम व सिगरेट में गांजा भरकर धड़ल्ले से पीकर नशे का आदी होते जा रहे हैं साथ ही युवा नशे की लत पूरा करने के लिए अपने घरों में चोरी करने से नहीं हिचकते और धीरे धीरे युवा कब क्राइम की दुनिया से जुड़ जाता है उसे पता ही नहीं लगता, और यही युवा व युवा के परिजनों के लिए घातक है।

### आखिर किसकी रहमतों से चमन हुये भांग कम गांजे के ठेके

शिवपुरी शहर में इन ठेकों के अलावा भी इन ठेकेदारों द्वारा शहर भर में कई जगह गांजे को उपलब्ध कराया जाता है आखिर उक्त भांग के ठेकों पर ठेकेदारों द्वारा किसकी छत्रछाया में गांजा बेंचा जा रहा है एक सवाल यह भी बनता है कि क्या इसमें पुलिस की भी मिलीभगत है, क्या गांजा बिकवाने वाले पुलिस की जेब गर्म करते है।क्या यही कारण है कि पुलिस इस पर शिकंजा नहीं कस रही है जबकि आज का युवा गांजे का आदी होने के कारण दिन प्रतिदिन अपराध की ओर बड़ रही है।

### अंग्रेजी शराब से भरी पिकप वेन पकड़ी, 9 लाख की शराब जब्त

**आरोपियों में से एक कि गिरफ्तारी किन्तु दो भागने में सफल हुए आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज**



शिवपुरीङ्कआबकारी विभाग ने गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर 9 लाख की अंग्रेजी शराब के 6 लाख की पिकअप वेन भी जब्त कर ली है। यह वेन गुना से ग्वालियर की ओर निकली थी। मुखबिर की खबर पर शिवपुरी में दबोच ली। इस अवैध शराब के गोरखधंधे में तीन लोगों पर मामला बनाया गया है। इनमें से एक कि गिरफ्तारी हो गई,किन्तु दो भागने में सफल हो गए। जिला आबकारी अधिकारी वीरेंद्र धाकड़ का कहना है कि मुखबिर की सूचना पर 125 पेटी शराब पकड़ी है। इसमें कई ब्रांड की अंग्रेजी शराब है। शराब 9 लाख की और वेन 6 लाख की है। आबकारी विभाग की इस कार्रवाई में शिवपुरी व्रत प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक तीर्थराज भारद्वाज की टीम का अहम योगदान रहा। जिन्होंने मुखबिर की सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। वेन में से 125 पेटी अवैध शराब जप्त की गई है जिसमें इसकी कीमत करीब 9 लाख रुपए बताई गई है।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा देवरिकला का चैक डेम





शिवपुरी।

मामला पोहरी जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत देवरिकला का है। जहाँ पर नवनिर्माण हुए 11 लाख 60 हजार रुपये की लागत से बने चैक डेम में भ्रष्टाचार देखने को मिला है। जहाँ पर चैक डेम में पहली बारिश में ही लीकेज सामने आया है। जहाँ इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसका निर्माण किस तरह घटिया तरीके से किया गया है जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत देवरिकला में आश्रम वाले नाले पर एनपुरा में 11 लाख 60 हजार की लागत से पंचायत द्वारा चैक डेम बनाया गया है जहाँ पर पहली बारिश में ही चैक डेम में लीकेज हो गया है। जिससे पानी रोकने के लिए बनाया गया चैक डेम पानी ना रोकते हुए झरने का स्वरूप ले चुका है। इस इस निर्माण कार्य मे घटिया निर्माण देखने को मिला जिससे पंचायत निर्माण में अनिमियतात देखने को मिल रही है।

### इनका कहना

यह चैक डेम अभी बनाया गया है ओर यह घटिया तरीके से निर्माण किया गया है शिकायत करने के बाद भी सुनवाई नही होती है ।

**रामस्वरूप धाक?**
**देवरिकला निवासी**

मुझे इस बारे में कोई जानकारी नही है में अभी बाहर हूँ पंचायत में पहुँच कर देखता हूँ।

**पातीराम यादव सचिव देवरिकला**

मौके पर एई को भेज कर चेक करवा लेता हूँ।

**शैलेंद्र आदिवासी**
**जनपद सीईओ पोहरी**

## प्रदीप शर्मा ने गुरुवार को किया ओ पॉजिटिव ब्लड डोनेट



**शिवपुरी।** गुरुवार को ब्लड बैंक में ब्लड ना होने के कारण एक मरीज को बहुत ही ज्यादा इमरजेंसी केस में ओ पॉजिटिव ब्लड की जरूरत थी जिसकी सूचना जय माई मानव सेवा समिति के सदस्य प्रदीप शर्मा रानू को मिली तो उन्होंने तुरंत उस महिला को ओ पॉजिटिव ब्लड डोनेट किया प्रदीप शर्मा ने गुरुवार को तीसरी बार ब्लड डोनेट किया है। प्रदीप शर्मा जरूरत पर हर बार ब्लड देने तैयार रहते हैं। साथ ही जय माई मानव सेवा समिति ने प्रदीप शर्मा का बहुत-बहुत धन्यवाद आभार व्यक्त किया और बताया कि रक्तदान महादान होता हैं जो दूसरों को नया जीवनदान इसलिए जरूरत के समय मे किसी को रक्तदान अवश्य करे।

## पिछोर एसडीएम के रूप में जे.पी. गुप्ता ने पदभार ग्रहण किया

शिवपुरी।

पिछोर एसडीएम के रूप में डिप्टी कलेक्टर जे.पी.गुप्ता ने पदभार ग्रहण कर लिया है। अनुविभागीय अधिकारी गुप्ता ने पदभार संभालते ही एक बैठक का आयोजन किया जिसमें सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि कोविड-19 का तीसरा चरण की संभावना को देखते हुए हम सभी पूर्व में तैयारी कर ले जिसके कारण महामारी को अभी रोका जा सकता है। बैठक में एसडीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे व्यक्ति जो जिले के बाहर से अनुभाग पिछोर की राजस्व सीमा में प्रवेश करते हैं उन्हें अपने साथ अधिकतम 2 दिन पूर्व की नेगेटिव आरटी पीसीआर जांच रिपोर्ट अनिवार्य रूप से साथ रखनी होगी तथा जो व्यक्ति बाहर से आए हुए हैं उनके पास कोरोना वैक्सीन के दोनों डॉज का प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। उक्त दोनों प्रमाण ना होने की स्थिति में उक्त व्यक्ति को सात दिवस के लिए होम क्वारंटाइन किया जाएगा।

## जनमानस को योजनाओं का लाभ दिलाए जाने हेतु चलाया जाएगा अभियान : नवागत एसडीएम नाडिया

### पोहरी एसडीएम के रूप में राजन बी नाडिया ने किया पदभार ग्रहण



**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित योजनाओं को लागू कर जनमानस को उनका का पूरा लाभ मिले, इसके लिए अभियान चलाया जाएगा। जनमानस की पीडीएस, सीमांकन और कब्जे से संबंधित समस्याओं पर भी काम किया जाएगा जिससे अधिक से अधिक हितग्राही लाभान्वित हो सकें। उक्त बात पोहरी एसडीएम के रूप में पदभार ग्रहण करते समय राजन बी नाडिया ने कही। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन के आपसी समन्वय से पोहरी क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा विकास किया जा सके। तीसरी लहर को रोकने के लिए कोरोना की गाइड लाइन का पालन कराया जाएगा। इसके अलावा चौक पोस्ट के माध्यम से भी बाहर से आने-जाने वालों की निगरानी की जाएगी। एसडीएम ने कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि कर्मचारी अपने-अपने कामों पर ध्यान दें। अपने दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन करें। काम में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें क्योंकि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नवागत एसडीएम श्री नाडिया का एसडीएम कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद अनुविभागीय अधिकारी ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और पोहरी में चल रहे कामों के बारे में जानकारी ली।

## विजयपुर, श्योपुर आगमन पर पधारे भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य





### विजय शर्मा का साफा श्रीफल एवं शाल भेंट कर स्वागत किया

शिवपुरी।

विजयपुर में उत्साह देखने को मिला। गांधी चौक विजयपुर से उनका स्वागत किया इस अवसर पर विजय शर्मा ने कहा केंद्र सरकार और राज्य सरकार विजयपुर के विकास के तत्पर है। और भारतीय जनता पार्टी आपके साथ है आपके हर संकट में आपके साथ खड़ी है इस अबसर पर परीक्षित धाकड़ (जिला पंचायत सदस्य), अशोक गर्ग , देवकीनंदन बंसल, रामजीलाल कुशवाहा, सुभाष शर्मा, आशीष पाठक, भास्कर पाठक, सतेन्द्र कौशिक, अमित शर्मा , केदारलाल श्रीवास , मनीशंकर शर्मा, कालीचरण रजक, संतू प्रजापति, पुष्पेंद्र धाकड़ सहित सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फिजिकल थाना क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहा सट्टा कारोबार, पुलिस फेल


शिवपुरी।

नगर में इन दिनों सट्टे का अवैध कारोबार जोर शोर से फलफूल रहा हैं। जहाँ 1 रुपए को 90 रुपया बनाने के चक्कर में खासकर नया युवा वर्ग अधिक बर्बाद हो रहे हैं। सट्टे के इस खेल को ब?ावा देने सटोरी ग्राहकों को स्कीम देखने सट्टे नंबर वाले चार्ट फ्री में उपलब्ध करा रहे हैं। इसका गुणा भाग कर ग्राहक सट्टे की चपेट में बुरी तरह से फंस कर पैसा इस अवैध कारोबार में गंवा रहा है।

शिवपुरी नगर में फिजीकल थाना क्षेत्र के कमलागंज में एक बार फिर से सट्टा किंग खचेरा ने भाई सहित अपने फ?ो का संचालन शुरू कर दिया हैं।

किशन बैंड ने अपने फ?ो का संचालन शुरू कर दिया हैं। किशन बैंड वाली गली,नट का नीम से लेकर टेलर की दुकान में पर्ची कटना शुरू हो गयी हैं। जहाँ सट्टे लिखवाने वालों की भी? देखी जा सकती है। जिसमे अधिकतर नई युवा पी?ी इस ओर जायद जाती दिखाई दे रही हैं। खाईवालों के चक्रव्यूह में लोग इस कदर फंस चुके हैं की इससे उबर नहीं पा रहे हैं। नगर में एक दो नही बल्कि कई सारे खाईवाल लंबे समय से सट्टा संचालित कर रहे हैं।

### पुलिस और खाईवालों की मिलीभगत से यह अवैध कारोबार नगर सहित आस पास के अंचल में पुरी तरह से चरम पर है



| TURN-1 | | | | 49 | 29 |
|---|---|---|---|---|---|
| 81 | 04 | 34 | 78 | 27 | 61 |
| 54 | 03 | 57 | 97 | 18 | 41 |
| 81 | 80 | 96 | 04 | 42 | 07 |
| 06 | 87 | 84 | 33 | 12 | 24 |
| 83 | 63 | 66 | 34 | 31 | 81 |
| 63 | 00 | 31 | 04 | 70 | 88 |
| 53 | 21 | 66 | 78 | 66 | 56 |
| 21 | 18 | 50 | 20 | 23 | 67 |
| 17 | 98 | 36 | 77 | 47 | 93 |
| 00 | 97 | 56 | 15 | 05 | 56 |
| 53 | 10 | 53 | 29 | 21 | 86 |
| 94 | 42 | 52 | 65 | 98 | 40 |

| TURN-2 | | | | 31 | 35 |
|---|---|---|---|---|---|
| 15 | 95 | 97 | 74 | 19 | 88 |
| 94 | 20 | 95 | 58 | 47 | 79 |
| 34 | 14 | 57 | 67 | 97 | 50 |
| 81 | 19 | 57 | 53 | 34 | 96 |
| 84 | 87 | 30 | 12 | 19 | 59 |
| 81 | 45 | 48 | 61 | 60 | 57 |
| 80 | 86 | 76 | 46 | 58 | 48 |
| 84 | 98 | 00 | 49 | 66 | 84 |
| 62 | 14 | 45 | 24 | 05 | 82 |
| 59 | 18 | 99 | xx | 65 | 78 |
| 22 | o8 | 96 | 31 | 75 | 10 |
| 53 | 22 | 96 | 56 | 24 | 32 |

खाईवालों ने गांव व नगर में अपना-अपना जोन बंटा हुआ है। एक दूसरे के जोन में कोई दखल नहीं देता है। राजनैतिक पहुंच और पुलिस से सांठगांठ के चलते ये अवैध कारोबार को बाकायदा लाइसेंसी कारोबार के रूप में खुले आम शहर में संचालित हो रहा है। पुलिस और खाईवालों की सेटिंग इतनी तग?ी है कि ऊपर अधिकारियों को दिखाने ये खाईवाल अपने गुर्गों के नाम हर महीने एक-एक प्रकरण बनवा देते हैं। ऊपर बैठे अफसरों को लगता है पुलिस कार्रवाई कर रही है। जबकि वास्तव में ये सांठगांठ का एक पहलू होता है। सवाल ये है कि जब पुलिस हर महीने सटोरियों के गुर्गों के खिलाफ कार्रवाई करती है तो फिर उनसे पूछताछ कर खाईवालों तक क्यों नहीं पहुंच पाती।

### सट्टा किंग 'खचेरा' के बाद अब 'दुरंगा' ने सम्हाली जिले की सट्टा 'फ्रेंचाईजी' की कमान

जुगल उर्फ खचेरा पर राजनीतिक संरक्षण के चलते नही हो पा रही जिलाबदर की कार्यवाही।

जिसे पूर्व में पदस्थ रहे कलेक्टर तरुण राठी ने किया था जिलाबदर

खचेरा ने जाना भारतीय दंड संहिता की कमियों को, इसलिये उठा रहा फायदा

### धूत क्रीड़ा अधिनियम में जमानत कर फिर सम्हाली गद्दी

क्या इन जैसे राक्षस सिर्फ समाज का खून चूसने के लिए बने, क्यों न इन्हें सभ्य समाज से विलोपित अर्थात जिलाबदर की कार्यवाही की जाए। रोज प्रकाशित होती खबरों पर भी शिवपुरी जिलाधीश की नजर क्यों नहीं होती या जनसम्पर्क विभाग से भेजी जा रही फाइल महज कागज का टुक?ा बनकर रह जाती हैं।

# दो सप्ताह पहले नपा की जेसीबी नाला साफ करने पहुंची, लेकिन अधूरे नाले की सफाई कर लौटी

### शहर के जड्डामना रोड नाले की अधूरी पड़ी सफाई, बरसात होते ही मलवा फिर नाले में पहुंचा, सफाई दरोगा व नपा के अफसर नहीं दे रहे ध्यान

### रोजाना बरस रहे बादल, जल भराव की हो रही समस्या, फिर भी नगरीय प्रशासन को नहीं आते नजर



भिण्ड। बरसात का सीजन शुरु होते ही हर तरफ जलभराव का मंजर दिखाई दे रहा है, शहर में जल निकासी के लिए किसी तरह के प्रबंध नहीं किये गये है सिर्फ कागजों में नाले-नालियों की सफाई कर बरसात का पानी निकासी की प्लानिंग चल रही है जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। शहर के जामना रोड इलाके में विगत दो सप्ताह पहले नगर पालिका की जेसीबी नाले का मलवा निकलाने के लिए पहुंची थी, जिसने आनन-फानन में एक-दो अतिक्रमण हटाकर नाले की साफ-सफाई करना शुरु की तो अन्य लोगों ने अपना अतिक्रमण स्वयं हटाकर नाले की सफाई कराने के लिए तैयार हो गये, जिसके बाद 100 मीटर तक नाले का मलवा निकालकर सड़क पर फैंक दिया और दोपहर के वक्त चले गये, तब से लेकर आज तक सफाई इंचार्ज दरोगा ने पीछे पलटकर भी नहीं देखा। नाले की सफाई कराने के लिए लोगों ने अपने-अपने दरवाजे के सामने स्वेच्छा से नाला सफाई कराने के लिए खोल दिया है लेकिन नाले की अब सफाई नहीं करायी जा रही है, इस संबंध में जब वार्ड क्र.24 इंचार्ज सफाई दरोगा धर्मेन्द्र सिंह से फोन लगाया तो उन्होंने बताया कि ऊपर के अधिकारियों ने नाले की सफाई कराना बंद कर दिया है, जिसके बाद सीएमओ सुरेन्द्र शर्मा को फोन लगाया गया तो उन्होंने अपने अधिनस्थों को बोल दिया, जिसके बाद भी कोई भी अधिकारी व सफाई कर्मचारी जामना रोड पर खुले पड़े नाले की सफाई कराने के लिए सुध नहीं ले रहा है और खुले पड़े नाले में रात के समय मवेशी गिरकर घायल हो जाते है और जिन लोगों के दरबाजे के सामने खुला पड़ा हुआ है वह घरों में वाहन लेकर नहीं जा पाते है जिस कारण दरबाजे पर ही सड़क वाहन पार्क करते हैं तो चोरी होने की भी संभावना बड़ जाती है। आखिर सीएमओ सुरेन्द्र शर्मा को शहर की साफ-सफाई एवं स्वच्छता के लिए सम्मानित किया गया है लेकिन इन दिनों शहर अपनी बदहाली पर आंसू वाहा रहा है।

### अधूरे नाले की सफाई कर छोड़ा, जो बन रहा मुसीबत

शहर के जामना रोड इलाके में विगत लंबे समय से नाले की साफ-सफाई कराने के लिए मांग उठ रही थी और इसकी शिकायत नपा दफ्तर से लेकर एसडीएम कार्यालय में पहुंची, जिसके बाद सुनवाई नहीं हुई तो सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराना पड़ी तो आनन-फानन में विगत सप्ताह नाले की सफाई के लिए वार्ड क्र.24 इंचार्ज जेसीबी लेकर पहुंचा और अधूरा नाला साफ कर खाना पूर्ति कर लौट आये, तब से लेकर आज तक नाले की सफाई करने के लिए सुध नहीं ली जा रही है जिसकी शिकायत पर फिर से सीएमओ के पास पहुंची तो सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है।

### बरसात का गंदा पानी घरों में हो रहा प्रवेश

नाले की सफाई न होने के चलते इन दिनों बरसात शुरु हो गई और बादल रोजाना बरस रहे हैं जिस कारण नाला तुरंत फुल हो जाता है और बरसात का पानी घरों में पहुंच रहा है फिर भी नाले की सफाई कराने के लिए सीएमओ ध्यान नहीं रहे है जबकि कलेक्टर ने उन्हें विगत दिनों उत्कृष्ट व जल्द निराकरण करने के लिए सम्मानित किया था जो सिर्फ वाहवाही लूटने के लिए किया गया, ताकि जनता को दिखाया जा सके कि सीएमओ कितनी जल्दी लोगों की समस्या सुनते हैं। अगर कोई शिकायत नगर पालिका में पहुंचती है तो लोगों को कई महिनों व साल भर एरिया रगड़नी पड़ती है फिर भी निराकरण नहीं किया जाता है। सीएमओ सिर्फ कागजों में साफ-सफाई कर प्लानिंग करने में जरुरी रुचि लेते हैं।

### स्थानीय लोगों का इनका कहना है :

विगत दो सप्ताह पहले जामना रोड पर नाले की सफाई चल रही थी तो मैंने भी अपने घर के दरवाजे के सामने पटिया हटाकर नाले की सफाई कराने के लिए खोल दिया, तब से लेकर आज तक सफाई-कर्मचारी नजर नहीं आ रहे है और जब भी फोन लगाते हैं तो बोलते है जल्द जेसीबी से सफाई करा दी जायेगी।

**-सोनू शिवहरे, निवासी जामना रोड**

सफाई दरोगा ने आनन-फानन में आधे-अधूरे नाले की सफाई कर छोड़ दिया है जो बरसात होते ही फिर से मलवा नाले में जा रहा है और आगे नाले की सफाई कराने के लिए पता नहीं चल रहा है, खुला पड़ा नाला रात के समय ज्यादा परेशानी देता है कईबार मेवशी गिरकर घायल हो जाते हैं और वाहन भी घरों के अंदर हीं रख पा रहे है जिसे चोरी होने का खतरा बना हुआ है।

**-श्रीकृष्ण राजावत, निवासी जामना रोड**

### आपने कहा

जामना रोड पर अगर अधूरे नाले की सफाई करायी गई है तो जल्द सफाई दरोगा को बोलकर नाले की सफाई करा दी जायेगी।

**-सुरेन्द्र शर्मा, सीएमओ नगर पालिका भिण्ड**

## राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2020 की परीक्षा 25 जुलाई को दो पालियों में

### कलेक्टर ने राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2020 के संबंध में ली बैठक

### परीक्षा केन्द्रो पर किये अधिकारी तैनात



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने 25 जुलाई 2021 को जिले में राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2020 के आयोजन को देखते हुए परीक्षा को निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु गठित दल एवं केन्द्र अध्यक्ष की बैठक लेकर, उनको परीक्षा के संबंध में सभी निर्देशों से अवगत कराया। कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने म.प्र. लोक सेवा आयोग इन्दौर द्वारा 25 जुलाई 2021 को आयोजित की जाने वाली राज्य सेवा एवं वनसेवा प्रारंभिक परीक्षा 2020 दो पालियों में प्रातः10 से 12 बजे तक एवं दोपहर 2.15 बजे से अपरान्ह 4.15 बजे तक को विर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्रो पर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

कलेक्टर ने कहा कि उडनदस्ता में लगाए गए अधिकारी यह सुनिष्चित करेंगे कि परीक्षा केन्द्र में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश न करें। परीक्षा केन्द्र के आसपास अनावश्यक भीड का जमाव न हो एवं शांति बनी रहे। कोविड-19 गाईडलाईन का पालन सुनिश्चित करें। परीक्षा केन्द्र पर जूते-मौजे आदि को पहनकर केन्द्र में प्रवेश पर रोक लगाई गई है। समस्त अधिकारी संलग्न घोषणा पत्र भरकर तत्काल कलेक्टर कार्यालय की एससी-2 शाखा में प्रस्तुत करेंगे।

## मृतक सूबेदार की पत्नी न्याय के लिए लगा रही सभी जगह चक्कर, फिर भी नहीं हो रही सुनवाई

**बेटे को नहीं मिली अनुकंपा नियुक्ति व घोषणा की गई सहायता राशि**

भिण्ड। शहीद सुबेदार सिंह कुशवाह की पत्नी नीलम कुशवाह निवासी डूंगरपुरा न्याय पाने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रही है अपने पति को शहीद का दर्जा दिलाने व मुख्यमंत्री द्वारा घोषित की गई एक करोड की सहायता राशि के लिए सभी को पत्र लिख चुकी है फिर भी आज तक उसकी सुनवाई नहीं हुई है। ज्ञात हो कि मुरैना में पदस्थ वन विभाग के डिप्टी रेंजर सूबेदार सिंह कुशवाह को रेत माफियाओं ने विगत 7 सितंबर को ट्रैक्टर से कुचल दिया था और उसकी मौत हो गई थी, जिसके बाद भोपाल से फॉरेस्ट विभाग के चेयरमैन (राज्यमंत्री दर्जा) महेश शाक्य डूंगरपुरा गांव पहुंचे थे जिन्होंने मृतक के बड़े बेटे को पांच लाख रुपये का चेक दिया था साथ ही सीएम के गांव आने का आश्वासन देते हुए जमीनी चिन्हित कर वहां सामुदायिक भवन बनाया जायेगा जिसमें मृतक रेंजर की प्रतिमा, व विभाग से 11 लाख रुपये की राशि प्रदान करने की बात कही थी। वहीं पत्नी को पेंशन व बेटे को अनुकंपा नियुक्ति देने की बात की थी। मृतक परिवार को इतने आश्वासन दिये गये लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही सभी ने जमकर वाहवाही लूटी। अपने हक के लिए वन मंडल मुरैना, कलेक्टर मुरैना मप्र राज्य लघु वनोपज संघ भोपाल चैयरमेन राज्यमंत्री दर्जा आदि को कई आवेदन दिये फिर भी उसे न्याय नहीं मिल रहा है।

## सड़क, पानी की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

### सड़क निर्माण कराओ नहीं तो आने वाले समय में करेंगे नगर परिषद चुनाव का बहिष्कार



भिण्ड। मौ कस्बा क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 14 हरिजन बस्ती जो 8000 के लगभग आबादी बसी हुई है में सड़क पानी साफ सफाई सहित अन्य सुविधाएं मुहैया कराने की जिम्मेदारी नगर परिषद अधिकारी की है परंतु लंबे समय से बली साहब दरगाह के पीछे स्थित वार्ड क्रमांक 14 में घरों के सामने कीचड़ का दलदल बन गया है कई सालों से रोड का निर्माण हुआ ही नहीं है जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वार्ड वासियों ने नगर परिषद अधिकारी सीएमओ को ज्ञापन देकर अवगत भी करा चुके है नगर पालिका अधिकारी से लेकर विधायक तक लगा चुके हैं गुहार लेकिन आज तक उनकी सुनवाई ना होने पर चुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा की है नगर परिषद के अंदर काम कर रही है जैनियों की ने कभी सिविल लाइन प्रोजेक्ट के नाम पर तो कभी पानी की पाइप लाइन के नाम पर सड़क को इस हद तक साफ कर दिया है कि पानी गंदा पीने को नसीब हो रहा है और सड़कें बड़े-बड़े बहरे गड्ढे हो चुके हैं जो आए दिन हादसों का कारण बन रहे हैं लोग गिरकर हो रहे हैं चोटीले और तो और इसके बाद धार्मिक स्थल शिव जी का मंदिर के पास पानी भरा हुआ है जिससे भक्तगण शिव जी के दर्शन नहीं कर पा रहे हैं इसके बावजूद भी किसी स्तर से उनकी समस्या का निराकरण नहीं किया गया वार्ड वासी बालों की समस्याओं का जल्द समाधान करने की बात कहते हुए हैं राहगीरों ने कहा कि समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो रोड नहीं तो वोट नहीं वह नगर परिषद चुनाव का बहिष्कार करेंगअमर सिंह यादव रामस्वरूप कुशवाहा जस्सू कुशवाह समाजसेवी सोनपाल यादव ने वार्ड वासियों की समस्या का समाधान के लिए सीएमओ को ज्ञापन दिया है बताया है कि वार्ड वासियों को नलों में गंदा पानी रोड पर कीचड़ पानी भराव साफ सफाई औरतों पानी की टंकियों की सफाई करानी चाहिए।

## बेटे के जन्म दिन पर संतों को कराया भोजन



भिण्ड। शहर के गौरी सरोवर पर स्थित गणेश जी मंदिर पर श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर रामदास महाराज (दंदरौआ धाम सरकार) की कृपा से नरसी दद्दा के सुपौत्र शिव पुत्र गिर्राज के जन्म दिन के अवसर पर संतो को भोजन कराया गया। ऐसा करने से उन्हें बहुत ही खुशी मिलती है वह अपने बच्चे का जन्म दिन हर वर्ष भूखे-बेसहाराओं के बीच पहुंचकर मनाते हैं ताकि उन्हें एक दिन भोजन मिल सके, सभी लोग इस तरह से जागरुक होकर संतों व गरीबों को भोजन कर जन्म दिन मनाये तो एक नई पहल होगी और गरीबों को भोजन मिलेगा, क्योंकि घरों पर तो सभी लो जन्मदिन मनाते है लेकिन ऐसे लोगों का कोई नहीं होता है अपनी खुशी के साथ उन्हें आनंद आता है इसलिए इस तरह की पहल बहुत ही सराहीनीय बतायी जा रही है। इस अवसर पर कैलाश नारायण, श्यामसुन्दर, अखिलेश, रुबि आदि मौजूद रहे। बच्चे के जन्म दिन पर ईष्ट मित्रों व रिश्तेदारों ने भी उन्हे बधाई व शुभकामनाएं दी।

## 3 साल पहले शहीद हुए डिप्टी रेंजर के परिजनों को नही मिली शासन से मदद

### मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिया था शहीद का दर्जा और एक करोड़ की सहायता राशि देने की घोषणा

भिण्ड। जिले के डूंगरपुरा गांव के रहने वाले डिप्टी रेंजर सूबेदार सिंह कुशवाह का 7 सितंबर 2018 को मुरैना जिले में ड्यूटी के दौरान रेत से भरे ट्रैक्टर को रोकने के दौरान ट्रैक्टर से कुचलकर मौत हो गई थी। जिसके बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मृतक को शहीद का दर्जा देने और परिजनों को एक करोड़ रुपए देने की घोषणा की थी। लेकिन अभी तक 15 लाख रुपए की विभागीय सहायता के अलावा परिजनों को कुछ नहीं मिला है। जिसके बाद परिजनों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया के सामने अपनी बात रखी। सरकार की कथनी और करनी में अंतर बताया जाता रहा है। कहते हैं कि सरकार बोलती कुछ और है और करती कुछ और है। इसका जीता जागता उदाहरण चंबल अंचल में देखने को मिल रहा है। यहां पर मुरैना जिले में रेत माफिया के ट्रैक्टर से कुचलकर डिप्टी रेंजर की 7 सितंबर 2018 को मौत हो गई थी। इसी साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव भी होना थे। ऐसे में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देर ना करते हुए हादसे पर दुख जताया और मृतक डिप्टी रेंजर को शहीद का दर्जा एवं परिजनों को एक करोड़ की सहायता राशि देने की घोषणा ट्विटर पर की। सूबेदार सिंह की मौत हुए लगभग 3 साल होने को आ गए हैं लेकिन शहीद के परिजन सरकारी मदद की आस लगाए बैठे हुए ही हैं। डिप्टी रेंजर स्वर्गीय सूबेदार सिंह कुशवाह के परिजन भिण्ड, मुरैना से लेकर भोपाल तक गुहार लगा चुके हैं। शहीद के परिजनों ने बताया है कि उनके पिता की मौत के बाद स्वयं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट कर मृतक डिप्टी रेंजर को शहीद का दर्जा देने और परिजनों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की थी। लेकिन परिजनों के अनुसार उनको विभाग की ओर से 15 लाख रुपये की आर्थिक सहायता के अलावा कुछ नहीं मिला। यहां तक कि उनकी माँ को पेंशन भी अभी तक नहीं मिली है। उसमें भी अधिकारियों द्वारा शहीद का तमगा लाने के लिए बोल दिया जाता है। लड़के को अनुकंपा नियुक्ति और एक करोड़ की सहायता राशि तो दूर की बात है। ऐसे में परिजन मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मदद की गुहार लगा रहे हैं।

### ग्राम तेहरा की पुलिया के पास से बाइक चोरी

भिण्ड। गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के ग्राम तेहरा की पुलिया के पास एक बाइक खड़ी थी, जिसे अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया और चोरी कर रफू चक्कर हो गये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर बाइक चोर के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सजेन्द्र पुत्र रूपसिंह तोमर निनवासी लोधे की पाली ने बताया 18 जुलाई दोपहर 3.10 बजे वह बाइक क्रमांक एमपी30एमएस4019 से क्षेत्र के ग्राम तेहरा की पुलिया के पास गया था, बाइक यहां पर खड़ी कर चला गया, इसी दौरान अज्ञात चोरों ने निशाना बनाकर बाइक पार कर दी। पुलिस ने चोर के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### खेत के ट्यूबेल से सामान हुआ चोरी

भिण्ड। गोहद थाना क्षेत्र के ग्राम बगुलरी के हार में स्थित गारो थाला खोत में लगे ट्यूबेल से अज्ञात चोर बिजली के तार सहित डीजल व पंख आदि सामान चोरी कर ले गये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोर के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार विश्वनाथ पुत्र ग्याराम प्रसाद शर्मा निवासी ग्राम बगुलरी ने बताया मंगलवार शाम 6 बजे गारो थाला खेत में ट्यूबेल से 4 लठ्ठे बिजली के तार, एक डीजल इंजन, दो पानी खींचने वाले पंखा, एक स्टील टंकी, एक पानी की लेजम कीमत 15 हजार रुपये का सामाने चोरी हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### हारजीत का दाव लगा रहे आधा दर्जन जुआरी गिरफ्तार

भिण्ड। पावई थाना क्षेत्र के क्वारी नदी पुल के नीचे ग्राम मलपुरा में जुआरी हारजीत का दाव लगा रहे थे, मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर आधा दर्जन से अधिक जुआरी दबोचकर हिरासत में लिया और उनके पास से एक ताश की गड्डी सहित नगदी जब्त की। पुलिस ने उक्त जुआरियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार गुरुवार दोपहर 3.20 बजे क्षेत्र के क्वारी नदी पुल के नीचे मोजा मलपुरा में हारजीत दाव लगाया जा रहा था, मुखबिर की सूचना पर जुआ के फड से शिवनारायण निवासी अटेर, कल्याण राजपूत निवासी पावई, दिनकर भदौरिया निवासी सुरपुरा, मोनू यादव निवासी अटेर, ओम नारायण कटारे निवासी अटेर, दिनेश रावत निवासी पावई को गिरफ्तार कर लिया है। जुआरियों के पास से एक ताश की गड्डी, 10 हजार 500 रुपये नगदी जब्त की। पुलिस ने उक्त जुआरियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### तालाब में नहाने गए एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत

भिण्ड। मेहगांव थाना अंतर्गत तालाब में नहाने गए दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। दोनों बच्चे एक ही परिवार के थे, बताया जा रहा है कि रोज की तरह गुरूवार की दोपहर दोनों बच्चे घर से बकरी चराने के लिए गए थे। बकरियों को चरवाह में छोड़ने के बाद दोनों लोगों ने पास में बने तालाब में नहाने के लिए जहां उनका पैर फिसला और तालाब के गहरे गड्ढे में डूब गए। घटना की सूचना पर गांव के तैराकों ने तलाश शुरू की। इसके बाद दोनों के शव निकाल लिए गए। जानकारी के अनुसार मेहगांव क्षेत्र के इमलिया गांव के पास सड़क निर्माण के लिए गांव के बाहर गड्ढा खोदकर मिट्टी निकाली गई। जिससे वहां तालाब आकृतिनुमा गड्ढा बन गया था, बारिश के दौरान गड्ढे में पानी भर गया था। गुरुवार दोपहर गांव के कुछ लड़के यहां नहाने पहुंचे। इस दौरान मनोज जाटव का 12 साल का बेटा अंकुश और मुकेश जाटव का 13 साल का बेटा अभिषेक गहरे पानी में चले गए। गड्ढा गहरा होने से दोनों डूब गए।

## वर्षा के पानी से भिण्ड का हो रहा जलाभिषेक

### शहर की सड़कें पानी से लबालब, जिम्मेदार देख रहे तमाशा





भिण्ड। शहर की सड़कों की हालत देखकर लग रहा है मानो भिण्ड जिले का वर्षा के पानी से जलाभिषेक हुआ हो भिण्ड शहर की एक भी सड़क ऐसी नहीं बची जो पानी से लबालब न भरी हो, फर्क सिर्फ इतना है जलाभिषेक से भगवान जहां खुश होते हैं वहीं भिण्ड शहर की जनता इस जलाभिषेक से त्राही त्राही कर रही है। शहर की सड़कें तालाब नजर आ रही है जिसे जिम्मेदार तमाशा समझकर देख रहे हैं। शहर की स्थिति देखकर भिण्ड की जनता रोना रो रही है और अपने आपको ठगा और हताशा महसूस कर रही है। घुटनों तक भरे पानी और सड़कों पर अनगिनत गड्ढे खतरे की घंटी बजा रहे हैं जो कभी भी पूरी हो सकती है। देर शाम अन्धेरा हो जाने के बाद कोई हादसा होने का डर भी बना रहता है। गली मौहल्लों की सड़कें क्षतिग्रस्त होने से उसमें उत्पन्न बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भरे होने से यह पता ही नहीं चल पाता है कि कहाँ पर गड्ढा है और कहां पर नहीं। बारिश का काफी पानी जमा हो गया है। नाली के अभाव में पानी की निकासी नहीं हो पा रही है, जिससे आवागमन करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे लोगों में रोष व्याप्त है।

### मरम्मत की जगह सड़क खोदने में कंपनी ठेकेदार अव्वल

सीवर प्रोजेक्ट व अमृत जल योजना प्रोजेक्ट के इंजीनियर व ठेकेदार बनी हुई सड़कें खुदवाने में अव्वल स्थान पर हैं उन्हें शहर के लोगों को हो रही परेशानी से कोई मतलब नजर नहीं आ रहा है सिर्फ अपने खुदाई के मामले में उमदा हैं। और अच्छी खासी सड़क को गड्ढे में तब्दील करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं जिसके बाद उस सड़क पर ध्यान नहीं दिया जाता और मामला सामने आने पर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप किया जाता है।

### लोकनिर्माण विभाग संभाग भिण्ड का मैदान में भरा पानी

शहर एवं गांव की सड़ें बनाने का ठेका जहां लोकनिर्माण विभाग लेता है आज उसी कार्यालय का मैदान पानी से लबालब भरा है जिससे कोई भी अधिकारी, कर्मचारी अथवा अन्य दफ्तर तक पहुंचने में परेशान है। जबकि ये कार्यालय शहर के बीचों बीच बना हुआ है जिस पर अधिकारी के ध्यान न देने से वह भी तालाब प्रतीत होने लगा है।

## नाबालिग की शादी रूकवाने युवक ने दी सूचना तो कर दी मारपीट

**युवक ने लगाया आरोप आरक्षक व नावालिग के भाई ने मिलकर पीटा, पुलिस नहीं कर रही आरोपियों पर कार्रवाई**



भिण्ड। फूप कस्बा क्षेत्र में विगत 21 जून 2021 वार्ड क्र.3 में एक बाल विवाह होने जा रहा था, जिसकी सूचना जागरुक एक व्यक्ति ने डायल 100 व महिला एवं बाल विकास विभाग को दी तो मौके पर पहुंचकर शिकायत करने वाले युवक को थाने लेकर आई और नावालिग लड़की के भाई व एक आरक्षक ने उसके साथ मारपीट करते हुए शिकायत बापस लेने का दबाव बनाया, जब उसने मना किया तो उसकी मारपीट करते हुए उसके ऊपर थाने में केश दर्ज कर दिया गया इस तरह का आरोप पीड़ित अनूपसिंह पुत्र बड़ेलाल सिंह राजावत निवासी वार्ड क्र.3 निवासी ने लगाया है।, इस घटना की शिकायत उसने सीएम हेल्पलाइन पर की और एक कॉपी कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक ने की बात बतायी। पीड़ित युवक ने बताया मैनें तो एक बाल विवाह रोकने के लिए फोन किया था जो कानूनी तौर पर अपराध की श्रेणी में आता है लेकिन उसे ही आरक्षक द्वारा फसाकर केश लगा दिया जायेगा, इसकी जानकारी उसे नहीं थी। पूरे मामले की जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को आवेदन दिया गया है।

## राजनीति में अपराधीकरण

*राजनीति में बढ़ते अपराधीकरण पर सुप्रीम कोर्ट ने फिर सरकार को आईना दिखाया है। कोर्ट ने साफ कहा कि-हमें नहीं लगता कि अपराधियों को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए विधायिका कुछ कदम उठाएगी। अपराधियों को राजनीति में प्रवेश करने और चुनाव के लिए खड़े होने से रोकने के लिए विधायिका के कुछ भी करने की संभावना नहीं है। जस्टिस आरएफ नरीमन और बीआर गवई की पीठ उन राजनीतिक दलों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने वाली एक अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी जो 2020 के बिहार विधानसभा चुनावों में अपने उम्मीदवारों के आपराधिक इतिहास को घोषित करने और प्रचारित करने में विफल रहे। कोर्ट ने मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। याचिका में आरोप लगाया गया था कि चुनाव आयोग और राजनीतिक दलों ने शीर्ष अदालत के 13 फरवरी, 2020 के आदेश की अवहेलना की, जिसमें पार्टियों के लिए अपने उम्मीदवारों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों की जानकारी अपनी वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य कर दिया था। राजनीति में अपराधीकरण रोकने की बातें चाहे कितनी की जाएं, मगर सच यह है कि आज कोई भी पार्टी इसे बची नहीं है। हमारे सभी राजनीतिक दलों ने ऐसी न जाने कितनी शख्सियतों से संबंध मजबूत किए हैं, जिन पर हत्या से लेकर बलात्कार तक के गंभीर मामले दर्ज हैं। हिंदुस्तान की सियासत आज जिस ढर्रे पर चल रही है वह भ्रष्टाचार और अपराध से लबालब है। चुनाव में बढ़ता धनबल, बाहुबल और अपराधीकरण लोकतंत्र को अंदर ही अंदर खा रहा है। जब कानून के निर्माता और रखवाले ही अपराध में सने होंगे तो उनसे कैसे उम्मीद की जा सकती है कि लोकतंत्र को स्वस्थ रख सकेंगे! पहले तो बिहार और उत्तर प्रदेश को ही आपराधिक राजनीति का गढ़ कहा जाता था लेकिन पिछले दो-तीन दशकों से सभी राज्यों में ऐसी प्रवृत्ति के नेताओं की संख्या में इजाफा हुआ है। आज नेताओं का उद्देश्य चुनाव जीत कर देश सेवा करना नहीं बल्कि सत्ता हासिल कर हुकूमत करना है। अब तो ऐसा लगता है कि राजनीतिक दल स्वयं इस दलदल से नहीं उबरना चाहते तभी तो अधिकतर पार्टियों ने सितंबर 2013 में सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले का विरोध किया था जिसमें कहा गया था कि यदि अदालत विधायिका के किसी सदस्य को दो साल या उससे अधिक की सजा सुनाती है, तो वह अपनी सदस्यता बरकरार नहीं रख सकता। इसी फैसले को बेअसर करने के लिए तत्कालीन यूपीए सरकार द्वारा संसद में विधेयक लाया गया था जो पास नहीं हो सका। नेताओं और अपराधियों की दिनोंदिन बढ़ती सांठगांठ चिंतित करने वाली है। वैसे सितंबर 2013 में सर्वोच्च न्यायालय ने मतदाताओं को नापसंदगी का हक देकर एक ठोस पहल की थी। हालांकि चुनाव सुधार के लिए तारकुंडे समिति, गोस्वामी समिति, वोहरा कमेटी जैसी अनेक समितियों ने अपनी सिफारिशें सरकार को सौंपी हैं लेकिन निजी हितों के कारण किसी भी दल ने इन्हें लागू करने की जहमत नहीं उठाई। आज जरूरत व्यापक चुनाव सुधार की है जिससे राजनीति में बढ़ते अपराधीकरण को रोका जा सके। इसके लिए पार्टियों को मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखानी होगी।*

# (23 जुलाई को जन्म जयंती ) अमर शहीद श्री चन्द्रशेखर आज़ाद

**प्रेमचंद जैन**

चन्द्रशेखर आजाद (23 जुलाई 1906 - 27 फ़रवरी 1931) भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के स्वतंत्रता सेनानी थे। वे शहीद राम प्रसाद बिस्मिल व शहीद भगत सिंह सरीखे क्रान्तिकारियों के अनन्यतम साथियों में से थे।

सन् 1922 में गाँधीजी द्वारा असहयोग आन्दोलन को अचानक बन्द कर देने के कारण उनकी विचारधारा में बदलाव आया और वे क्रान्तिकारी गतिविधियों से जुड़ कर हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सक्रिय सदस्य बन गये। इस संस्था के माध्यम से राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में पहले 9 अगस्त 1925 को काकोरी काण्ड किया और फरार हो गये। इसके पश्चात् सन् 1927 में बिस्मिल के साथ 4 प्रमुख साथियों के बलिदान के बाद उन्होंने उत्तर भारत की सभी क्रान्तिकारी पार्टियों को मिलाकर एक करते हुए हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन का गठन किया तथा भगत सिंह के साथ लाहौर में लाला लाजपत राय की मौत का बदला सॉण्डर्स की हत्या करके लिया एवं दिल्ली पहुँच कर असेम्बली बम काण्ड को अंजाम दिया।ऐसा भी कहा जाता हैं कि आप को पहचानने के लिए ब्रिटिश हुक़ूमत ने 700 लोग नोकरी पर रखे हुए थे।

**जन्म तथा प्रारम्भिक जीवनः** चन्द्रशेखर आजाद का जन्म भाबरा गाँव (अब चन्द्रशेखर आजादनगर) (वर्तमान अलीराजपुर जिला) में एक ब्राह्मण परिवार में 23 जुलाई सन् 1906 को हुआ था।[3][4] उनके पूर्वज बदरका (वर्तमान उन्नाव जिला) बैसवारा से थे। आजाद के पिता पण्डित सीताराम तिवारी संवत् 1963 में अकाल के समय अपने पैतृक निवास बदरका को छोड़कर पहले कुछ दिनों [मध्य प्रदेश] अलीराजपुर रियासत में नौकरी करते रहे फिर जाकर भाबरा गाँव में बस गये। यहीं बालक चन्द्रशेखर का बचपन बीता। उनकी माँ का नाम जगरानी देवी था। आजाद का प्रारम्भिक जीवन आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में स्थित भाबरा गाँव में बीता अतएव बचपन में आजाद ने भील बालकों के साथ खूब धनुष-बाण चलाये। इस प्रकार उन्होंने निशानेबाजी बचपन में ही सीख ली थी।



बालक चन्द्रशेखर आज़ाद का मन अब देश को आज़ाद कराने के अहिंसात्मक उपायों से हटकर सशस्त्र क्रान्ति की ओर मुड़ गया। उस समय बनारस क्रान्तिकारियों का गढ़ था। वह मन्मथनाथ गुप्त और प्रणवेश चटर्जी के सम्पर्क में आये और क्रान्तिकारी दल के सदस्य बन गये। क्रान्तिकारियों का वह दल हिन्दुस्तान प्रजातन्त्र संघ÷ के नाम से जाना जाता था।

**पहली घटनाः** 1919 में हुए अमृतसर के जलियांवाला बाग नरसंहार ने देश के नवयुवकों को उद्वेलित कर दिया। चन्द्रशेखर उस समय पढाई कर रहे थे। जब गांधीजी ने सन् 1920 में असहयोग आन्दोलनका फरमान जारी किया तो वह आग ज्वालामुखी बनकर फट पड़ी और तमाम अन्य छात्रों की भाँति चन्द्रशेखर भी सडकों पर उतर आये। अपने विद्यालय के छात्रों के जत्थे के साथ इस आन्दोलन में भाग लेने पर वे पहली बार गिरफ़्तार हुए और उन्हें 15 बेतों की सज़ा मिली। इस घटना का उल्लेख पं0 जवाहरलाल नेहरू ने कायदा तोड़ने वाले एक छोटे से लड़के की कहानी के रूप में किया है-

ऐसे ही कायदे (कानून) तोड़ने के लिये एक छोटे से लड़के को, जिसकी उम्र 14 या 15 साल की थी और जो अपने को आज़ाद कहता था, बेंत की सजा दी गयी। वह नंगा किया गया और बेंत की टिकटी से बाँध दिया गया। जैसे-जैसे बेंत उस पर पड़ते थे और उसकी चमड़ी उधेड़ डालते थे, वह %भारत माता की जय!% चिल्लाता था। हर बेंत के साथ वह लड़का तब तक यही नारा लगाता रहा, जब तक वह बेहोश न हो गया। बाद में वही लड़का उत्तर भारत के क्रान्तिकारी कार्यों के दल का एक बड़ा नेता बना

**झांसी में क्रांतिकारी गतिविधियांः** चंद्रशेखर आजाद ने एक निर्धारित समय के लिए झांसी को अपना गढ़ बना लिया। झांसी से पंद्रह किलोमीटर दूर ओरछा के जंगलों में वह अपने साथियों के साथ निशानेबाजी किया करते थे। अचूक निशानेबाज होने के कारण चंद्रशेखर आजाद दूसरे क्रांतिकारियों को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ पंडित हरिशंकर ब्रह्मचारी के छ्द्म नाम से बच्चों के अध्यापन का कार्य भी करते थे। वह धिमारपुर गांव में अपने इसी छ्द्म नाम से स्थानीय लोगों के बीच बहुत लोकप्रिय हो गए थे। झांसी में रहते हुए चंद्रशेखर आजाद ने गाड़ी चलानी भी सीख ली थी।

**क्रान्तिकारी संगठनः** असहयोग आन्दोलन के दौरान जब फरवरी 1922 में (चौरी चौरा) की घटना के पश्चात् बिना किसी से पूछे (गाँधीजी) ने आन्दोलन वापस ले लिया तो देश के तमाम नवयुवकों की तरह आज़ाद का भी कांग्रेस से मोह भंग हो गया और पण्डित राम प्रसाद बिस्मिल, शचीन्द्रनाथ सान्याल योगेशचन्द्र चटर्जी ने 1924 में उत्तर भारत के क्रान्तिकारियों को लेकर एक दल हिन्दुस्तानी प्रजातान्त्रिक संघ (एच0 आर0 ए0) का गठन किया। चन्द्रशेखर आज़ाद भी इस दल में शामिल हो गये। इस संगठन ने जब गाँव के अमीर घरों में डकैतियाँ डालीं, ताकि दल के लिए धन जुटाने की व्यवस्था हो सके तो यह तय किया गया कि किसी भी औरत के ऊपर हाथ नहीं उठाया जाएगा। एक गाँव में राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में डाली गई डकैती में जब एक औरत ने आज़ाद का पिस्तौल छीन लिया तो अपने बलशाली शरीर के बावजूद आज़ाद ने अपने उसूलों के कारण उस पर हाथ नहीं उठाया। इस डकैती में क्रान्तिकारी दल के आठ सदस्यों पर, जिसमें आज़ाद और बिस्मिल भी शामिल थे, पूरे गाँव ने हमला कर दिया। बिस्मिल ने मकान के अन्दर घुसकर उस औरत के कसकर चाँटा मारा, पिस्तौल वापस छीनी और आजाद को डाँटते हुए खींचकर बाहर लाये। इसके बाद दल ने केवल सरकारी प्रतिष्ठानों को ही लूटने का फैसला किया। 1 जनवरी 1925 को दल ने समूचे हिन्दुस्तान में अपना बहुचर्चित पर्चा द रिवोल्यूशनरी (क्रान्तिकारी) बाँटा जिसमें दल की नीतियों का खुलासा किया गया था। इस पैम्फलेट में सशस्त्र क्रान्ति की चर्चा की गयी थी। इश्तहार के लेखक के रूप में ÷विजयसिंह÷ का छद्म नाम दिया गया था। शचींद्रनाथ सान्याल इस पर्चे को बंगाल में पोस्ट करने जा रहे थे तभी पुलिस ने उन्हें बाँकुरा में गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। ÷एच0 आर0 ए0÷ के गठन के अवसर से ही इन तीनों प्रमुख नेताओं - बिस्मिल, सान्याल और चटर्जी में इस संगठन के उद्देश्यों को लेकर मतभेद था।

**बलिदानः** एच0एस0आर0ए0 द्वारा किये गये साण्डर्स-वध और दिल्ली एसेम्बली बम काण्ड में फाँसी की सजा पाये तीन अभियुक्तों-भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव ने अपील करने से साफ मना कर ही दिया था। अन्य सजायाफ्ता अभियुक्तों में से सिर्फ 3 ने ही प्रिवी कौन्सिल में अपील की। 11 फ़रवरी 1931 को लन्दन की प्रिवी कौन्सिल में अपील की सुनवाई हुई। इन अभियुक्तों की ओर से एडवोकेट प्रिन्ट ने बहस की अनुमति माँगी थी किन्तु उन्हें अनुमति नहीं मिली और बहस सुने बिना ही अपील खारिज कर दी गयी। चन्द्रशेखर आज़ाद ने मृत्यु दण्ड पाये तीनों प्रमुख क्रान्तिकारियों की सजा कम कराने का काफी प्रयास किया। वे उत्तर प्रदेश की हरदोई जेल में जाकर गणेशशंकर विद्यार्थी से मिले। विद्यार्थी से परामर्श कर वे इलाहाबाद गये और 20 फरवरी को जवाहरलाल नेहरू से उनके निवास आनन्द भवन में भेंट की। आजाद ने पण्डित नेहरू से यह आग्रह किया कि वे गांधी जी पर लॉर्ड इरविन से इन तीनों की फाँसी को उम्र- कैद में बदलवाने के लिये जोर डालें! अल्फ्रेड पार्क में अपने एक मित्र सुखदेव राज से मन्त्रणा कर ही रहे थे तभी सी0आई0डी0 का एस0एस0पी0 नॉट बाबर जीप से वहाँ आ

# लोकमान्य बाल गंगाधर तिलकका जन्म दिवस

**अरविन्द प्रेमचंद जैन**

बाल गंगाधर तिलक (अथवा लोकमान्य तिलक, मूल नाम केशव गंगाधर टिळक, 23 जुलाई 1856 - 1 अगस्त 1920), एक भारतीय राष्ट्रवादी, शिक्षक, समाज सुधारक, वकील और एक स्वतन्त्रता सेनानी थे। ये भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के पहले लोकप्रिय नेता हुए; ब्रिटिश औपनिवेशिक प्राधिकारी उन्हें ÷भारतीय अशान्ति के पिता÷ कहते थे। उन्हें, ÷लोकमान्य÷ का आदरणीय शीर्षक भी प्राप्त हुआ, जिसका अर्थ हैं लोगों द्वारा स्वीकृत (उनके नायक के रूप में)।

लोकमान्य तिलक जी ब्रिटिश राज के दौरान स्वराज के सबसे पहले और मजबूत अधिवक्ताओं में से एक थे, तथा भारतीय अन्तःकरण में एक प्रबल आमूल परिवर्तनवादी थे। उनका मराठी भाषा में दिया गया नारा स्वराज्य हा माझा जन्मसिद्ध हक्क आहे आणि तो मी मिळवणारच (स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर ही रहूँगा) बहुत प्रसिद्ध हुआ। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कई नेताओं से एक क़रीबी सन्धि बनाई, जिनमें बिपिन चन्द्र पाल, लाला लाजपत राय, अरविन्द घोष और वी0 ओ0 चिदम्बरम पिल्लै शामिल थे।

प्रारम्भिक जीवन

लोकमान्य तिलक का जन्मस्थानः लोकमान्य तिलक का जन्म 23 जुलाई 1857 को ब्रिटिश भारत में वर्तमान महाराष्ट्र स्थित रत्नागिरी जिले के एक गाँव चिखली में हुआ था। ये आधुनिक कालेज शिक्षा पाने वाली पहली भारतीय पीढ़ी में से एक थे। इन्होंने कुछ समय तक स्कूल और कालेजों में गणित पढ़ाया। अंग्रेजी शिक्षा के ये घोर आलोचक थे और मानते थे कि यह भारतीय सभ्यता के प्रति अनादर सिखाती है। इन्होंने दक्कन शिक्षा सोसायटी की स्थापना की ताकि भारत में शिक्षा का स्तर सुधरे

राजनीतिक यात्राः लाल-बाल-पाल की त्रिमूर्ति का एक दुर्लभ चित्र जिसमें बायें से लाला लाजपतराय, बीच में लोक्मान्य तिलक जी और सबसे दायें श्री बिपिनचन्द्र पाल बैठे हैं सन 1907 में सूरत कांग्रेस के पश्चात राष्ट्रवादियों की सभा को सम्बोधित करते हुए बालगंगाधर तिलक । इस सभा की अध्यक्षता अरविन्द घोष ने की थी। लोकमान्य तिलक ने इंग्लिश मेमराठा दर्पण व मराठी में केसरी नाम से दो दैनिक समाचार पत्र शुरू किये जो जनता में बहुत लोकप्रिय हुए। लोकमान्य तिलक ने अंग्रेजी शासन की क्रूरता और भारतीय संस्कृति के प्रति हीन भावना की बहुत आलोचना की। उन्होंने माँग की कि ब्रिटिश सरकार तुरन्त भारतीयों को पूर्ण स्वराज दे। केसरी में छपने वाले उनके लेखों की वजह से उन्हें कई बार जेल भेजा गया। लोकमान्य तिलक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हुए लेकिन जल्द ही वे कांग्रेस के नरमपंथी रवैये के विरुद्ध बोलने लगे। 1907 में कांग्रेस गरम दल और नरम दल में विभाजित हो गयी। गरम दल में लोकमान्य तिलक के साथ लाला लाजपत राय और श्री बिपिन चन्द्र पाल शामिल थे। इन तीनों को लाल-बाल-पाल के नाम से जाना जाने लगा। 1908 में लोकमान्य तिलक ने क्रान्तिकारी प्रफुल्ल चाकी और क्रान्तिकारी खुदीराम बोस के बम हमले का समर्थन किया जिसकी वजह से उन्हें बर्मा (अब म्यांमार) स्थित मांडले की जेल भेज दिया गया। जेल से छूटकर वे फिर कांग्रेस में शामिल हो गये और 1916 में एनी बेसेंट जी और मुहम्मद अली जिन्ना के साथ अखिल भारतीय होम रूल लीग की स्थापना की।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेसः लोकमान्य तिलक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से 1890 में जुड़े। हालांकि, उसकी मध्य अभिवृत्ति, खासकर जो स्वराज्य हेतु लड़ाई के प्रति थी, वे उसके ख़िलाफ़ थे। वे अपने समय के सबसे प्रख्यात आमूल परिवर्तनवादियों में से एक थे।[5] अल्पायु में विवाह करने के व्यक्तिगत रूप से विरोधी होने के बावजूद, लोकमान्य तिलक 1891 एज ऑफ़ कंसेन्ट विधेयक के खिलाफ थे, क्योंकि वे उसे हिन्दू धर्म में अतिक्रमण और एक खतरनाक उदाहरण के रूप में देख रहे थे। इस अधिनियम ने लड़की के विवाह करने की न्यूनतम आयु को 10 से बढ़ाकर 12 वर्ष कर दिया था। केसरी का सम्पादकीयः लोकमान्य तिलक ने अपने पत्र केसरी में ÷देश का दुर्भाग्य÷ नामक शीर्षक से लेख लिखा जिसमें ब्रिटिश सरकार की नीतियों का विरोध किया।

# देवभूमि के सामाजिक-सांस्कृतिक ताने-बाने को बचाए रखने लिए उठाने होंगे कुछ जरुरी कदम

**अजेंद्र अजय**


किसी भी प्रदेश के निर्माण के पीछे उसके इतिहास, सभ्यता, संस्कृति, परंपरा, भाषा आदि के सरंक्षण की भावना छिपी होती है। अगर ये तत्व गायब हो जाएं तो वो प्रदेश आत्माविहीन माना जाएगा। लिहाजा, प्रदेश के भौतिक विकास के साथ-साथ इन सबके सरंक्षण की भी आवश्यकता है। वर्तमान में सोशल मीडिया में कानून व हैशटैग के साथ युवाओं द्वारा एक व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के पीछे यही मूल भावना छिपी हुई है।

यह सुखद आश्चर्य की बात है कि उत्तराखंड में भू -कानून जैसे गंभीर विषय पर युवाओं द्वारा अभियान शुरू किया गया है। इससे यह प्रतीत होता है कि उत्तराखंड की युवा पीढ़ी भू -कानून को लेकर संवेदनशील है और वो अपनी जड़ों को बचाने के लिए पूरी तरह से जागरूक हैं। युवाशक्ति देवभूमि की सभ्यता, संस्कृति, परंपरा व इतिहास के सरंक्षण के लिए चिंतित है। निःसंदेह युवाशक्ति की इस सक्रियता का परिणाम सुखद ही होगा। युवाशक्ति का यह अभियान सराहनीय है। मैं स्वयं इस विषय को लेकर चिंतित रहा हूं। वर्ष 2018 में मेरे द्वारा तत्कालीन मुख्यमंत्री जी को इस विषय पर एक विस्तृत पत्र सौंपा गया था। पत्र में मेरे द्वारा देवभूमि उत्तराखंड के ÷वैशिष्ट्य÷ को कायम रखने और राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से पर्वतीय क्षेत्र को ÷विशेष क्षेत्र अधिसूचित÷ करने की मांग उठाई गई थी। पत्र में पर्वतीय क्षेत्रों में भूमि इत्यादि के क्रय-विक्रय के लिए विशेष प्राविधान किए जाने और समुदाय विशेष के धर्म स्थलों के निर्माण पर प्रतिबंध लगाने की मांग भी उठाई गई थी। इस हेतु मेरे द्वारा एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का सुझाव दिया गया था, जो इस संबंध में विभिन्न पहलुओं का अध्ययन कर नए कानून के प्रारूप को तैयार कर सके। यह सर्वविदित है देवभूमि उत्तराखंड आदिकाल से अध्यात्म की धारा को प्रवाहित करती आई है। हिंदू धर्म व संस्कृति की पोषक माने जाने वाली गंगा व यमुना के इस मायके में संतों-महात्माओं के तप करने की अनगिनत गाथाएं भरी पड़ी हैं। ऋषि-मुनियों ने ध्यान व तप कर देश दुनिया को यहां से सनातन धर्म की महत्ता का संदेश दिया है। आज भी यहां विभिन्न रूपों में मौजूद उनकी स्मृतियों से दुनिया प्रेरणा प्राप्त करती है। यहां कदम-कदम पर मठ-मंदिर अवस्थित हैं, जिनका तमाम पौराणिक व धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख मिलता है। इससे उनकी प्राचीनता, ऐतिहासिकता, आध्यात्मिकता व सांस्कृतिक महत्व का पता चलता है।

इन अनगिनत देवालयों के अलावा यहां श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री जैसे विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल भी स्थित हैं, जो सदियों से हिंदू धर्मावलंबियों की आस्था के केंद्र रहे हैं। इस क्षेत्र के आध्यात्मिक महत्व को देखते हुए पौराणिक समय से लेकर आधुनिक काल तक प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में साधक व श्रद्धालु हिमालय की

## लड़कियाँ

शमशान दिखेगा
यदि लड़की यहाँ न हो
सारे जहाँ की शान है
शोहरत है लड़कियाँ
सामान से न तुलना है
नारी की सुन ओ नर
ख़ुद दहेज़ हैं
माँ-बाप की दौलत हैं लड़कियाँ
इंसाँ हैं ये भी
कोख में इनको न मारो तुम
माँ कहते हो जिनको
ये वो औरत है लड़कियाँ
वहशी न बनो
वासना की पात्र नहीं है
तुम पूजते जो
दुर्गा की मूरत हैं लड़कियाँ
घर छोड़ती हैं अपना
ये सबको हैं तारती
फिर भी जलाई जाती हैं
लानत है लड़कियाँ
है रज़िया ये लक्ष्मी है कि
प्रतिभा भी यही हैं
कुछ खौफ़ खाओ
अब तो हैं मैरी भी लड़कियाँ
अब अबला नहीं ये
उड़ान आसमाँ इनकी
भावना है मोहना है
अब अवनी हैं लड़कियाँ
विनीता तुम अपने देश के
लोगों से ये कह दो
हैं प्यार की ख़ातिर
नहीं नफरत की लड़कियाँ!



**-विनीता जायसवाल**
**खड़गपुर, पश्चिम बंगाल**

# चंदेरी पर्यटन को लगे उम्मीदों के पंख

**मजीद खां पठान**

प्रत्येक पर्यटन स्थल की अपनी-अपनी विशेषताएं होती हैं जिनके कारण देशी-विदेशी पर्यटक उन स्थलों की ओर आकर्षित होकर उस पर्यटन स्थल के प्रति अपना मन बनाते हुए वहां पहुंचने का प्रयास करते हैं। इसी प्रकार प्रत्येक पर्यटन स्थल की अपनी-अपनी परिस्थितिजन्य आवश्यकताएं होती हैं जिन्हें पूर्ण किए जाने से पर्यटक सुविधाओं का और अधिक विस्तार होता है।

यदि हम किसी भी नगर अथवा क्षेत्र के समग्र विकास की बात करें तो उसमें आवागमन के साधन प्राथमिकता क्रम में अब्बल पायदान पर आते हैं। वही जब हम किसी भी पर्यटन स्थल की बात करें तो आवागमन रूपी तथ्य और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाते हैं। आवागमन के साधन और सुविधाएं जितनी अधिक विकसित होगी वह पर्यटन स्थल उतना ही अधिक पर्यटन क्षेत्र में उन्नति करते हुए भारतीय पर्यटन क्षेत्र के अलावा भारतीय अर्थव्यवस्था में अपना योगदान प्रदान कर सकेगा। जिला अशोकनगर अंतर्गत स्थित विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं पर्यटन चंदेरी किसी परिचय का मोहताज नहीं है। यहां का संपूर्ण पर्यटन हेरिटेज पर आधारित है, भारत सरकार पर्यटन मंत्रालय द्वारा *वेस्ट हेरिटेज सिटी सम्मान* से सम्मानित होकर हथकरघा पर निर्मित चंदेरी साड़ियां नगर की विरासत है। वहीं जिला अंतर्गत श्री आनंदपुर साहिब अद्वैत मत के अनुयायियों के लिए तीर्थ स्थल हैं। करीला धाम, थूबौन, कदवाया, मल्हारगढ़ आदि अन्य तीर्थ स्थल हैं। जिसके चलते वर्षभर देशी-विदेशी पर्यटकों का आवागमन जारी रहता है।



सबसे अच्छी बात यह है कि चंदेरी हथकरघा कुटी उद्योग यानी चंदेरी साड़ियां एवं अन्य वस्त्र अपनी खूबियों के कारण टेक्सटाइल श्रेणी में *विश्व धरोहर सूची* में अपना नाम अंकित कराने के लिए संघर्षरत हैं। वहीं दूसरी ओर चंदेरी धीरे-धीरे बालीवुड की अच्छी खासी पसंद बनता जा रहा है। उम्मीद की जाती है कि जल्द से जल्द चंदेरी फिल्म हब के रूप में उभरेगा। चंदेरी पर्यटन धीरे-धीरे ही सही लेकिन इस आशा और विश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है कि वह दिन दूर नहीं जब चंदेरी मध्य प्रदेश में आदर्श पर्यटन स्थल के रूप में जाना पहचाना जावेगा।

अतएव यह आवश्यक बन पड़ा है कि चन्देरी पर्यटन बढ़ावा हेतु आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए ताकि और अधिक सैलानी आकृष्ट हो इस हेतु नगर में हवाई पट्टी की आवश्यकता अनिवार्य घटक है। उल्लेखनीय तथ्य यह भी है कि जिला अशोकनगर में कहीं भी हवाई पट्टी उपलब्ध नहीं है। ऐसी परिस्थितियों में हवाई पट्टी विकसित किया जाना अति आवश्यक ही नहीं अपितु अनिवार्य है। ताकि चंदेरी पर्यटन सहित समूचा जिला लाभान्वित हो सके साथ ही भविष्य में चंदेरी पर्यटन एवं जिला उद्योग क्षेत्र में पूंजी निवेश हेतु लालायित इच्छुक निवेशक उद्यमी को भी सुविधा का लाभ मिल सके। राज्य और केंद्रीय सरकार की भी यही खुली मंशा है कि देश प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने साथ ही देशी-विदेशी पर्यटकों को लुभाने हेतु छोटे छोटे विमानों का उपयोग किया जावे। पूर्व में मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा भी प्रदेश में पर्यटन स्थलों को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ने के उद्देश्य टैक्सी सेवा की शुरुआत की थी।

उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 23/10/2017 को श्रीमान जिलाधीश महोदय अशोक नगर सहित प्रभारी मंत्री जिला अशोकनगर, श्रीमान पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री मध्यप्रदेश शासन, क्षेत्रीय सांसद महोदय, प्रबंधक संचालक मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल एवं अनुविभागीय अधिकारी महोदय चंदेरी को आवेदन पत्र प्रेषित कर चंदेरी में हवाई पट्टी स्थापना हेतु निवेदन किया गया था। उक्त आवेदन पत्र पर कार्रवाई करते हुए श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय चंदेरी द्वारा दिनांक 07/ 11/ 2017 को तहसीलदार चंदेरी को पत्र एवं आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर उक्त संबंध में भूमि का प्रस्ताव तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया।

दिनांक 23/08/2018 को *चंदेरी पर्यटन - हवाई पट्टी की स्थापना* नामक लेख चंदेरी में हवाई पट्टी की जरूरत को दर्शाते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से विचार साझा किए गए।

2020 में श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा हवाई पट्टी स्थापना हेतु ली गई रुचि फल स्वरुप जिला एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा भूमि चिन्हित किए जाने हेतु की गई प्रारंभिक कार्यवाही उल्लेखनीय है।

2021 में समय ने करवट बदली और श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल उपरांत नागरिक और उड्डयन मंत्री के पद पर ताजपोशी होते ही हमारे अरमानों ने अंगड़ाई लेते हुए श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी को बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए चंदेरी पर्यटन एवं जिला उद्योग विकास हेतु चंदेरी में हवाई पट्टी स्थापना की गुजारिश की गई है। साथ ही श्रीमान जिलाधीश महोदय अशोक

## वन-टू-वन

### 'मृदा स्वास्थ्य परीक्षण के लाभ'

**भूमि के उत्पादक या उर्वरक तत्वों की सही सही जानकारी मिल जाती है**

*खाद की अधिकता और कमी को मापा जा सकता है ,

*दिन प्रति दिन हो रहे फसल उत्पादन में कमी के प्रभाव को समझा जा सकता है,

*मुख्य खाद जैसे यूरिया, डीएपी, पोटाश, जिंक के अलावा भी बहुत से माइक्रोन्यूट्रिएंट की सही जानकारी पता लग जाती है ,

*अनावश्यक खाद के खर्चे को संयमित किया जा सकता है ,

*भूमि में कौन-कौन से तत्व उपलब्ध हैं अथवा नहीं है इसकी उपलब्धता का पता लगाया जा सकता है ,

*विभिन्न फसलों में खाद की अलग-अलग मात्रा की आवश्यकता होती है यह सुनिश्चित करना कि किस फसल में कौन सी खाद किस मात्रा में लगेगी यह भी सुनिश्चित हो जाता है

*अधिक मात्रा में खाद के प्रयोग से हो रही जमीन की छारीयता व अम्लियता घटती बढ़ती है , को नापा जा सकता है,

* साथ ही जमीन को उत्पादनसील बनाने के लिए गणना की जा सकती है,

* मृदा जांच का सीधा सीधा फायदा हम इंसानों के स्वास्थ्य पर पड़ता है संयमित खाद ,उर्वरक, दवाइयों का छिड़काव होगा तो अधिक उत्पादन के साथ-साथ गुणवत्ता युक्त खाद्यान्न से हमारा स्वास्थ्य भी अच्छा होगा,

*मृदा जांच के द्वारा किस तत्व की कमी है और कौन सा तत्व पर्याप्त मृदा में उपलब्ध हैं इसके आधार पर उर्वरकों का प्रयोग हम मृदा में करेंगे तो निश्चित रूप से अधिक उत्पादन के साथ-साथ हमारा खर्चा भी कम होगा

* आज के समय में असंतुलित उर्वरकों के प्रयोग से भूमि छारीय एवं अम्लीय हो रही है जिससे उत्पादन क्षमता पर असर पड़ रहा है और मृदा का स्वास्थ्य भी खराब हो रहा है

* मृदा की जांच से यह गड़बड़ी को पहचाना जा सकता है,

*मृदा जाच से हम यह जान सकते हैं कि हमारी भूमि किस गुणवत्ता की हैं साथ ही इसमें किस तरह की फसलें, पौधों का रोपण , वृक्षारोपण होगा

जिस प्रकार से मनुष्य अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराकर होने वाली विभिन्न कमियों एवं बीमारियों को जान सकता है उसी तरह मृदा परीक्षण कराकर भी मृदा में किन तत्वों की कमी है अर्थात मृदा का स्वास्थ्य कैसा है यह पता लगाया जा सकता है इसलिए मृदा स्वास्थ्य परीक्षण अधिक एवं गुणवत्ता युक्त उत्पादन और मृदा की उर्वरता को बनाए रखने के लिए आवश्यक है

मृदा परीक्षण कराने के लिए कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र अथवा

कृषि महाविद्यालय मे संपर्क किया जा सकता है

डॉ. जयदीप सिंह भदोरिया

विकास खंड तकनीकी प्रबंधक ÷आत्मा÷विकास खंड कैलारस,

मुरैना (मध्य प्रदेश)
शिव कुमार सिंह भदोरिया
अनुसंधान सहायक
राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर

# दादा कोटेश्वर धाम मंदिर पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य अधूरा

## वर्ष बित गया पर नहीं दिया ठेकेदार और प्रशासन ने ध्यान

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

बालाघाट जिले की लांजी तहसील में स्थित अपनी कलाकृतियों को समेटे हुए उपज्योतिर्लिंग दादा कोटेश्वर महादेव मंदिर लांजी की महिमा अत्यंत प्रसिद्ध है। जंहा ना सिर्फ बालाघाट जिले के ही अपितु पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ से आने वाले भक्तों के आस्था का केंद्र दादा कोटेश्वर धाम के लिए पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य संबंधित ठेकेदार की लापरवाही के चलते अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है। इतना ही नहीं जहां सावन में यहां भक्तों के आस्था का सैलाब देखते ही बनता है। साथ ही वर्ष भर भी भक्तों का आना जाना लगा रहता है। इसके बावजूद भी सारी गर्मी बीत गई पर इसे नगर परिषद ने गंभीरता से नहीं लिया। इतना ही नहीं शासन प्रशासन द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, समय रहते यदि बारिश पूर्व पुलिया व मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाता तो मंदिर आने जाने वाले भक्तों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। इन सब कारणों के चलते आने वाले भक्तों को पीछे काशी टोला होते हुए भूमकर दादा के दर्शन करना पड़ता है इतना ही नहीं नए आने वाले भक्तों को गैस एजेंसी के पास से वापस लौट कर पुनः काशी टोला होकर दर्शन करने जाना पड़ रहा है।



मंदिर के समीप पुलिया निर्माण के दौरान मिट्टी की खुदाई कर बीच नाले में जमा कर दी गई है। धीरे-धीरे बारिश प्रारंभ हो गई है उस पर से आने वाला पहाड़ी पानी नानू को आजू -बाजू से काटने लगा है, जिससे किनारे में लगे पेड़ कभी भी धराशाई हो सकते हैं। पुलिया के बाजू में पश्चिम की ओर बीच नाले में मिट्टी का पहाड़ खड़ा कर दिया गया है। नगर परिषद व संबंधित ठेकेदार को अनेकों बार मिट्टी हटवा ने अवगत कराया गया। किंतु इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। पहली ही बारिश में जब पुलिया के दोनों और दोपहिया वाहन हंसने लगे वह लोगों का आना-जाना अवरुद्ध हुआ तब जाकर 22 जुलाई को नगर परिषद द्वारा पुलिया के एक और थोड़ा बहुत गड़बड़ा डालकर इतिश्री कर ली गई। सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि यदि तेज बारिश होती है व नाले से पानी की निकासी नहीं हो पाई और मंदिर के ऊपरी भाग में पानी चढ़ने से या जलभराव होने से मंदिर परिसर को किसी प्रकार की क्षति होती है तो उसके लिए जिम्मेदार कौन होगा ?

### लाखों की लागत से हो रहा निर्माण कार्य

जानकारी नहीं है अभी बता दे कि लगभग 10 माह पूर्व इस मार्ग को पुलिया निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया था। मार्ग व पुलिया का निर्माण लगभग 81लाख रुपए की लागत से होना है। लेकिन 10 माह बाद भी मार्ग का 10त्न निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। इस तरह मार्ग के निर्माण कार्य पूर्ण ना होने से मंदिर आने जाने वाले भक्तों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आज से गुरु पूर्णिमा उत्सव के साथ ही सावन मास प्रारंभ हो जावेगा। समय रहते मार्ग आने जाने की व्यवस्था नहीं बनाई गई तो निश्चित ही भक्तों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### आवागमन में नहीं होगी परेशानी - सारिका परस्ते प्रभारी नगर पालिका अधिकारी

संबंधित ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरती गई है। पुलिया के दोनों ओर भरण भरकर आवागमन लायक बनाया जा रहा है। जल्द ही नाले के बीच में रखी हुई मिट्टी को हटाने के लिए प्रयास जारी है मंदिर आने जाने वाले भक्तों को असुविधा नहीं होगी।

# श्री राष्ट्रीय छत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र राजावत जी का जन्म दिन बड़ी धूमधाम से ग्वालियर की गौशाला में मनाया गया

**संतोष सिंह भदौरिया, पुष्पांजली टुडे न्यूज़**
9179661562

ग्वालियर/आपको बता दें कि श्री राष्ट्रीय छतरी महासभा मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र सिंह राजावत जी एक समाज सेवा के साथ-साथ देश की सेवा की करते हैं जिनका जन्मदिन बड़े हिंदू रीति रिवाज के अनुसार ग्वालियर के लाल टिपारा आदर्श गौशाला में गो सेवा करते हुए मनाया गया । साथ में कन्या भोज एवं आए हुए सही छत्रिय भाइयों बहनों को भोज की व्यवस्था भी रखी गई इस अवसर परम पूज्य महाराज आदर्श गौशाला जी के आशीर्वाद से एवं परम पूज्य महाराज महामंडलेश्वर अब्दूत अरुण गिरी जी के आशीर्वाद लिया ।, साथ मे आदरणीय एनकाउंटर स्पेशलिस्ट व मार्गदर्शक दादा श्री अशोक सिंह भदोरिया जी , आदरणीय दादा श्री सोबरन सिंह तोमर ने भी आशीर्वाद दिया एवं सभी बड़े भाई व बहने ने आशिर्वाद श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी एवं मित्रगण के आशीर्वाद से गौ पूजन, वृक्षारोपण, दीप प्रज्वलन में उपस्थित हुए एवम आशीर्वाद दिया । साथ मे सभी क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी मौजूद रहे



उन सभी का प्रदेश अध्यक्ष राजावत जी द्वारा हृदय से आभार भी व्यक्त किया ।

# बन्नूर गांव के समाजसेवी महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने बी सनजना को शॉल ओंढाकर किया सम्मान



**नारायणलाल सैणचा, पुष्पाजंली टुडे**

मड्या~ टि नरसीपुरा तहसील के चामणहल्ली गाँव में स्थित बाल गंगाधर नाथ स्वामी स्कूल में अध्ययन करने वाली बन्नूर गांव निवासी बी सनजना बारहवीं क्लास में अच्छे अंक लाने पर बन्नूर गांव के समाजसेवी महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने छात्रा को शॉल ओंढाकर सम्मान किया गया ।और महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने पांच हजार एक सौ रूपये की राशि नकद बी सनजना को पुरस्कार दिये व राजपुरोहित ने कहा कि बी सनजना ने 600 सौ में से 600सौ अच्छे अंक लाकर गांव व सकूल व परिवार का नाम रोशन किया है।अच्छे अंक लाने वाले विधार्थियों का मनोबल बढ़ाना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल के व्यवस्थापक आनंद गौडा शिक्षक एच उमा शंकर, शिक्षिका पलवी, रणजीता व छात्रा के पिता बसुराज सहित स्कूल का स्टाप मौजूद थे ।

# अजय जैन बने भिंड सोशल मीडिया सेल के विधानसभा समन्वयक



**पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)।पूर्व मंत्री लहार विधायक डॉ गोविंद सिंह की अनुशंसा व आईटी सेल के जिला अध्यक्ष शिशुपाल सिंह भदोरिया की सहमति पर आईटी एवं सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अभय तिवारी के द्वारा भिंड विधानसभा समन्वयक पद पर अजय जैन जी की नियुक्ति की गई है इस मौके पर अजय जैन जी ने कहा पार्टी में जो भी जिम्मेदारी दी है उस पर पूर्ण रूप से खरा उतरने की कोशिश करूंगा और पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा और शीर्ष नेतृत्व आभार व्यक्त करता है।

बधाई देने वालों खिजर मोहम्मद कुरैशी शहर अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा पिंकी भदोरिया, संतोष त्रिपाठी,पिंकी जाटव, रेखा भदोरिया ,असलम खान, प्रदीप जैन गुड्डा ,शालू पुरोहित ,राहुल कुशवाह मोनू, तोमर लहार, जाहिद खान, इमरान खान, अखिलेश प्रताप सिंह, अरुण द्विवेदी, गगनदीप बराड़, इमरान रायन आदि।

# कैलाश वासी माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन कोविड-19 सेंटर पर 1104 लोगों को लगाई गई वैक्सीन'

**नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)। भाजपा द्वारा चलाए जा रहे कोविड-19 पीड़ित परिवार जनों की सहायता और वैक्सीन अभियान के तहत कैलाशवासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन के तहत भिंड शहर के बाहर मंडल धर्मशाला में आयोजित कोविड-19 सेक्टर में 1104 लोगों को वैक्सीन लगाई गई जिसमें सर्व समाज के लोग ने शांति सद्भावना से अपने परिवार सहित लोगों को टीके लगवाए द्य जबकि 825 दोस्त मिले थे उससे भी ऊपर बढ़कर इन निकल गए इस अभियान में लोगों की जागरूकता अधिक बढ़ रही है 7



भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एवं सेक्टर संयोजक रमेश दुबे ने बताया की 31 अप्रैल से इस अभियान की शुरुआत की गई थी लगातार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की मदद से लोगों को टीकाकरण लगाए जाने में मदद मिल रही है इस अभियान में अभी तक 30,000 से अधिक का आंकड़ा पहुंच चुका है उन्होंने लोगों से अपील की कि लोगों के द्वारा फैलाई जा रही बातों में ना आकर अधिक से अधिक संख्या में सेक्टर पर पहुंचकर लोगों का टीकाकरण कराएं कुछ शासन की व्यवस्थाएं आप सबकी मदद अति आवश्यक है बैक्सी ना होने के कारण कुछ दिनों के लिए सेंटर पर टीकाकरण नहीं हो सका अब वैक्सीन की कोई कमी नहीं है सभी लोगों को वैक्सीन लगाई जाएगी लोगों में काफी जाग्रता है और लोग वैक्सीन के लिए सेक्टर पर पहुंच रहे हैं केंद्र की नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के शिवराज सिंह चौहान की भाजपा सरकार है प्रदेश की जनता के साथ वैक्सीन अभियान में लगी हुई है 7 महिलाओं और युवाओं ने कोविड-19 सेक्टर पर अपनी ताकत दिखाई बरसते हुए पानी में भी लोग व्यक्ति के लिए लाइन में लगे रहे और उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। अभियान में भाजपा नेता रामदास सोनी एडवोकेट, लटूरी प्रसाद शर्मा, राजीव दीक्षित, शिव प्रताप सिंह कुशवाहा ,राधा मोहन चौबे, अनिल दुबे, अनु ,विकास शर्मा प्रमुख उपस्थित थे।

# सामाजिक कार्यकर्ता अमित स्वरूप सक्सेना ने थामा आप का दामन

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर,पुष्पांजली टुडे**



एटा। जनपद में अपनी समाज सेवा से लगातार परचम लहरा रहे समाजसेवी अमित स्वरूप सक्सेना ने गुरुवार को सुबह दिल्ली पहुंचकर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद तथा उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह से मिलकर आप का दामन थामा है। बता दें कि सामाजिक कार्यकर्ता अमित स्वरूप सक्सेना जनपद एटा के आगरा रोड स्थित शास्त्री नगर निवासी हैं। उन्होंने बताया भाजपा सरकार से आम जनमानस परेशान हो गया है युवाओं के लिए लगातार बेरोजगारी जैसी समस्याएं पूरे प्रदेश में उत्पन्न हो रही है वही गरीब तबका और गरीब होता जा रहा है और अमीर और अमीर होता जा रहा है ऐसे में सिर्फ और सिर्फ उत्तर प्रदेश में आम आदमी पार्टी ही मात्र एक ऐसी पार्टी है जो गरीब को गरीबी से निजात दिला सकती है और शिक्षा का स्तर भी जो प्रदेश में रही समाजवादी पार्टी के बाद अब भाजपा सरकार में सरकारी विद्यालयों की हालत बद से बदतर है। उन्होंने कहां कि अगर सत्ता में आम आदमी पार्टी आते ही सरकारी विद्यालयों की दशा इंग्लिश मीडियम स्कूल की तरह हो जायेगी सरकारी पड़े खंडहर स्कूल चमकते देखेंगे गरीबों को फ्री शिक्षा व्यवस्था और जिस तरह दिल्ली में सरकार की विकास पॉलिसी है वह उत्तर प्रदेश में भी लागू की जाएंगी। समाजसेवी अमित स्वरूप सक्सेना के सदस्यता लेने के अवसर पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण यादव जितेंद्र स्वरूप सक्सेना विशाल सक्सेना प्रियांशु जोहरी इत्यादि लोग मौके पर मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत जनपद के 30 लाभार्थियों को वितरित किए गए सहायता राशि के स्वीकृत पत्र

# मा0 राज्यपाल महोदया, मा0 मुख्यमंत्री जी ने 'उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना' का किया शुभारंभ

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे

एटा। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में एवं सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड, जलेसर विधायक संजीव कुमार दिवाकर की उपस्थिति में कलक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत चिन्हित किए गए 54 पात्र लाभार्थियों को सहायता राशि के स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीएम, जनप्रतिनिधियों द्वारा इस दौरान जनपद के 30 पात्र लाभार्थियों को चार हजार रूपये की सहायता राशि के स्वीकृति पत्र वितरित किए। इस दौरान कलक्ट्रेट सभागार में मा0 राज्यपाल महोदया एवं मा0 मुख्यमंत्री जी के लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एलईडी के माध्यम से किया गया।

डीएम ने कहा कि इस योजना के तहत जीरो से 18 वर्ष की उम्र तक के सभी बच्चों को शामिल किया गया है जिन्होंने कोविड-19 महामारी के कारण अपने माता-पिता में से आय अर्जित करने वाले अभिभावक को खो दिया हो। इसके साथ ही कोरोना से निराश्रित हुए बच्चों के भरण पोषण, शिक्षा और सुरक्षा के लिए बाल देखरेख करने वाली सरकारी संस्थाओं में आवास, चल-अचल संपत्तियों की कानूनी सुरक्षा, बेटियों के विवाह हेतु एक लाख एक हजार रूपये की आर्थिक सहायता, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, अटल आवासीय विद्यालयों में निशुल्क शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा में अध्ययनरत छात्रों के लिए लैपटॉप, टेबलेट इत्यादि की व्यवस्था की गई है।




सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड, जलेसर विधायक संजीव कुमार दिवाकर, सीडीओ अवधेश कुमार वाजपेयी ने भी कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपने विचार प्रकट करते हुए योजना का लाभ पात्रजनों को दिलाए जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोरोना के कारण अपने माता पिता अथवा किसी एक को खोने के उपरान्त अनाथ हुए बच्चों को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं हैं। प्रदेश सरकार हर मोड़ पर उन बच्चों के साथ है।

इस अवसर पर सीडीओ अवधेश कुमार वाजपेयी, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी सुखवीर सिंह सहित भारी संख्या में योजना के पात्र लाभार्थीगण आदि मौजूद रहे।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की विचारधारा के एजेंट को लेकर विदेश नीति से नए आयाम जुड़े : विष्णु दत्त शर्मा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो लोकसभा संसदीय क्षेत्र से सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण केंद्रीय विभाग द्वारा आयोजित हमारी सफलतम विदेश नीति और उपलब्धियों के विषय पर भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विचारधारा के तहत अपने सफलतम 7 वर्ष की विदेश नीति और उपलब्धियों के साथ आगे बढ़ रहा है यह बात उन्होंने प्रदेश स्तरीय केंद्रीय विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण के माध्यम से प्रदेश पदाधिकारियों कार्यसमिति सदस्य एवं नगरीय निकाय संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए 7

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने प्रशिक्षण के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा यह हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 बिंदुओं पर अपने एजेंटों के साथ विदेश नीति पर काम करना शुरू किया तो आज हम अपनी विचारधारा को लेकर सफलता की ओर आगे बढ़े हैं चाहे वह आतंकवाद की घटनाएं हो काले धन कोविड-19 देश की कानून सुरक्षा भारतीय सेना को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किया और भारतीय संस्कृति को मजबूत करने के लिए आज मोदी जी के नेतृत्व में हमारे पड़ोसी देश हर संकट की घड़ी में भारत के साथ खड़े पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विचारधारा के एजेंट को लेकर विदेशी नीति से नए आयाम भी जुड़े हैं जो हमारी भारत की ताकत को मजबूत करने में कार्य कर रहे 7

उन्होंने कहा की पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी विदेश नीति को मजबूती की दिशा में कार्य करते हुए आज मोदी जी का विदेशों में भी लोक स्वागत के लिए खड़े होते हैं और उनको सुनने के लिए सहानुभूति भी हमारे पड़ोसी देश के लोगों में जाग्रता बढ़ रही है 7

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा आतंकवाद के खिलाफ समर्थन करने वाले लोगों के खिलाफ भी मोदी जी के नेतृत्व में आज




हमारी विदेश नीति के तहत उन पर अंकुश लगाने का काम किया जा रहा है जिससे आतंकवाद इस भारत की सीमा पर ना पड़े और हमारे भारतीय सैनिकों के मनोबल को मोदी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है और हर संकट की मुसीबतों में आतंकवाद की घटनाओं पर भी आज पड़ोसी देश भारत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मोदी जी का सहयोग कर रहे हैं 7

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने वर्चुअल प्रशिक्षण के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओं को उन्होंने संकल्पित किया 7 पीएम नरेंद्र मोदी के सफलतम विदेश नीति एवं उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाएं ताकि उन्हें यह पता हो सके की पिछली कांग्रेस की तुलना से मोदी जी के नेतृत्व में विदेश नीति हमारी मजबूत हुई है 7

भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने विजयलक्ष्मी मैरिज गार्डन में आयोजित केंद्रीय प्रशिक्षण का शुभारंभ भारत माता एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय महान विचारक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया 7

प्रशिक्षण में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों में पूर्व विधायक शिव शंकर समाधिया पूर्व विधायक मुन्ना सिंह भदोरिया अवधेश सिंह कुशवाहा एडवोकेट वीरेंद्र सिंह राणा श्रीमती कृष्णकांता तोमर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक वरिष्ठ अभिभाषक राममिलन शर्मा देवेंद्र सिंह नरवरिया अमरीश शर्मा गुड्डू जिला महामंत्री सुंदर पाल सिंह कुशवाह नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष राम नरेश शर्मा जिला कार्यालय प्रभारी उपेंद्र शर्मा आईटी सेल के जिला संयोजक राधाकृष्ण शर्मा प्रमुख उपस्थित थे।

## वन-टू-वन



## देवलगांव के माता मंदिर में आज मां शीतला प्रतिमा की होगी स्थापना

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ , पुष्पांजली टुडे**

बालाघाट / जिले की लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम देवलगांव के माता मंदिर का ग्रामीणों के जन सहयोग से जिर्णोद्धार कर मां शीतला प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा आज 23 जुलाई को विधि- विधान से की जावेगी।

बता दे कि 22 जुलाई को माता रानी की प्रतिमा को ग्राम भ्रमण कराया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपने अपने घरों के सामने आरती- चौका कर प्रतिमा का पूजन भी किया गया। ग्राम भ्रमण के पश्चात प्रतिमा को मंदिर के सामने घास की कुटिया में रखकर जलाधिवास, अन्नाधिवास पश्चात वस्त्र पहनाकर पूजा अर्चना की गई। पंडित रविंद्र कुमार दुबे एवं पंडित संतोष कुमार दुबे के सानिध्य में प्रातः 8 बजे से 2 बजे तक मां शीतला प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कर हवन पूजन संपन्न कराया जावेगा। शाम 4 बजे से मंदिर समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से महा प्रसादी का वितरण किया जावेगा। आयोजन समिति ने समस्त कार्यक्रमों में शरीक होकर महा प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है।

### जगह-जगह हुआ स्वागत

ग्राम में माता रानी की प्रतिमा की शोभायात्रा भजन मंडली के साथ निकाली गई। जहां ग्रामीणों की आस्था देखते ही बनती थी। इस शोभायात्रा व प्रतिमा का जगह-जगह आरती उतार कर स्वागत किया गया। बता दे की ग्राम में वर्षो पुराने पीपल के पेड़ के नीचे माता रानी का छोटा सा मंदिर था, लेकिन प्रतिमा नहीं थी। लेकिन जन सहयोग से मंदिर का जीर्णोद्धार कर प्रतिमा स्थापित होने से ग्रामीणों में हर्ष है।

## पुलिस थाना हजीरा जिला ग्वालियर ने 11 वर्ष पुराने चेक बाउंस के प्रकरण में 9 वर्ष से वांटेड 3 स्थाई गिरफ्तारी वारंट में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया

**सुरजीत सिंह क्राइम ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**



ग्वालियर / पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य)हितिका वासल ,नगर पुलिस अधीक्षक महाराजपुरा श्री रवि भदौरिया के निर्देशन व पुलिस थाना हजीरा ग्वालियर टी आई आलोक सिंह परिहार के नेतृत्व में पुलिस थाना हजीरा ग्वालियर टीम ने 3 स्थाई गिरफ्तारी वारंट में वांटेड आरोपी रमेश सिंह भदौरिया पुत्र हरी सिंह उम्र 56 वर्ष निवासी पाताली हनुमान हजीरा हाल प्रगति विहार गोले का मंदिर गवालियर को गिरफ्तार किया । हजीरा पुलिस पिछले एक वर्ष से वारन्टी को टारगेट पर लिए थी तब हजीरा पुलिस को जानकारी मिली कि वारंटी 10 वर्ष पूर्व जयपुर राजस्थान भाग गया है वहां शिक्षक का काम कर रहा है व उसकी पत्नी व पुत्र प्रगति विहार गोला का मंदिर रहते हैं। आज पुलिस थाना हजीरा एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान को मुखबिर ने सूचना दी कि स्थाई गिरफ्तारी वारंटी अपने पुत्र के दोस्त के घर सुभाष नगर में आया है तब वारंटी को दबोचा गया । वारंटी की तलाश चेक बाउंस के करीब 11 वर्ष पुराने प्रकरणों में करीब 9 वर्ष से थी इसने पुलिस से बचने के लिए कई पता बदल चुका है ।इसके विरुद्ध फरियादी अजय शर्मा ,मकसूद खान, व रोहिणी प्रसाद गुप्ता निवासी सतना ने चेक बाउंस के प्रकरण न्यायालय में दर्ज कराये थे । गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई आंनद कुमार एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान , प्रधान आरक्षक राजेश सिंह, आरक्षक जनक सिंह, श्रीकृष्ण राठौर ,अशोक सिकरवार ,नरेश शाक्य ,अरुण लोधी रूप किशोर शर्मा ,गिरजा शंकर मुदगल व हेमंत शामिल रहे ।

## देश में कोरोना से बीते दिन 41,683 मामला आए

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मामले एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। बुधवार को यहां 41,683 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इस दौरान 38,793 लोगों ने महामारी को मात दी और 510 लोगों की संक्रमण की वजह से मौत भी हुई। इस तरह एक्टिव केस, यानी इलाज करा रहे लोगों की संख्या में 2374 की बढ़ोतरी रिकॉर्ड की गई। देश के लिए फिलहाल केरल चिंता का सबब बना हुआ है। यहां कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बीते दिन यहां 17,481 लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई। यह पिछले डेढ़ महीने में एक दिन में मिलने वाले संक्रमितों का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इससे पहले 3 जून को 18,853 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। देश के 8 राज्यों में पूर्ण लॉकडाउन जैसी पाबंदियां हैं। इनमें पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, तमिलनाडु, मिजोरम, गोवा और पुडुचेरी शामिल हैं। यहां पिछले लॉकडाउन जैसे ही कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं। देश के 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आंशिक लॉकडाउन है। यहां पाबंदियों के साथ छूट भी है। इनमें छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, बिहार, दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, मेघालय, नगालैंड, असम, मणिपुर, त्रिपुरा, आंध्र प्रदेश और गुजरात शामिल हैं।

## भाई ने लगाया ससुराली जनों पर बहन को विषाक्त देकर मारने का आरोप

**सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे**



एटा। बहन को जहर देकर हत्या करने का आरोप एक भाई ने परिजनों पर लगाया है। भाई ने बताया कि ससुराली जनों ने उसकी बहन को जबरन विषाक्त खिला दिया। जिससे उसकी तरफ तड़पकर दर्दनाक मौत हो गई गांव के लोगों के ही लोगों की सूचना पर ससुराल पहुंचे परिजनों को बहन मृत अवस्था में पड़ी मिली और ससुराली जन मौके से फरार हो गए। मृतका के भाई का आरोप है कि जनपद के थाना मलावन क्षेत्र के अंतर्गत गांव नवादा में ससुरालियों ने दहेज की खातिर उसकी बहन को जहर देकर मार डाला वही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की।

मिली जानकारी के अनुसार दीक्षा पत्नी सोनू उम्र 25 वर्ष को उसके ससुरालियों ने दहेज न मिलने पर जहर दे दिया जिससे उसकी मौत हो गई दीक्षा के भाई का आरोप है कि उन्होंने अपनी सामर्थ अनुसार दीक्षा के विवाह में खर्च किया था और दान दहेज भी दिया जिसके बावजूद भी उसके ससुराली जन लगातार अतिरिक्त दहेज की ससुरालीजन मांग कर रहे थे और दहेज की मांग पूरी होने पर उन्होंने विवाहिता की जहर देकर हत्या कर दी।

## प्रथम सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत आरटीओ कार्यालय पर हरी झंडी दिखाकर किया गया यातायात जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ





### जीवन बहुत महत्वपूर्ण, यातायात के नियमों का अवश्य करें पालन- क्षेत्राधिकारी यातायात

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

एटा। 28 जुलाई तक चलने वाले प्रथम सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत आरटीओ कार्यालय में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एआरटीओ प्रशासन, क्षेत्राधिकारी यातायात नगर, एसडीएम सदर ने यातायात जागरूकता प्रचार-प्रसार हेतु वैन का हरी झंडी दिखाकर विधिवत शुभारंभ किया। क्षेत्राधिकारी नगर ने इस दौरान अपने संबोधन में कहा कि सुरक्षित जीवन के लिये सुरक्षित यात्रा आवश्यक है, यातायात के नियमो का पालन करते हुए यात्रा करें, साथ ही मानक से अधिक रफ्तार न हो, हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें व चार पहिया वाहन वाले सीट वेल्ट का प्रयोग करें। कॉलेज के बच्चों को निर्देश दिए कि स्वयं के साथ अपने परिचितों को भी यातायात नियमों का पॉलन करवाने हेतु जागरूक करें। दुर्घटना की स्थिति में 112 नंबर डायल करके घायलों को अस्पताल पहुँचाने में मदद अवश्य करें। एसडीएम सदर ने कहा कि सुरक्षित, बेहतर यात्रा के लिए यातायात के नियमों का पालन करें, इसके लिए अधिक से अधिक जागरूकता लाई जाए। हेलमेट, सीटबेल्ट का प्रयोग अवश्य करें।

इस अवसर पर एआरटीओ प्रशासन ने भी जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यातायात के नियमों का पालन करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान यातायात प्रभारी श्री बचान सिंह, मुख्य आरक्षी यातायात सर्वेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।



## स्लाट बुक करवाकर आमजन ने लगवाई वैक्सीन- अधिवक्ता शिल्पा डोगर

**वासुदेव मिश्रा संवाददाता, पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। जी वाय एम सी क्लब में गुरुवार को गौरवशाली सामाजिक संस्था की अध्यक्ष अधिवक्ता शिल्पा डोगरा एवं टीम के अथक प्रयासों से जिनके स्लाट बुक हुए थे उन्हें क्रमवार वैक्सीन लगवाने में सराहनीय भूमिका निभाई। संस्था अध्यक्ष अधिवक्ता शिल्पा डोगरा ने समाजसेवी कृष्ण बिहारी गोयल, जीवायएमसी क्लब के पदाधिकारियों एवं वैक्सीन सेंटर पर सहयोग करने वालों में लल्ला शिवहरे, जगदीश उपाध्याय, नर्स आशा शर्मा, संस्था संरक्षक श्रीमती रीता डोगरा, सदस्य श्रीमती लक्ष्मी करन एवं अधिवक्ता संजना का आभार व्यक्त किया।

## अखिल भारतीय लोधी/लोधा अधिकारी कर्मचारी संघ के ब्लॉक कार्यालय का हुआ शुभारंभ

**पुष्पांजली टुडे**

पिछोर / बुधवार को कस्बे के बाचरौन, चौराहे पर अखिल भारतीय लोधा लोधी अधिकारी कर्मचारी संघ (आलोक संघ) के ब्लॉक कार्यालय का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में आलोक संघ शिवपुरी के जिला अध्यक्ष खलक सिंह लोधी व खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली छात्रा सोनाली लोधी सहित पधारे हुए सभी गणमान्य नागरिकों द्वारा मां सरस्वती व वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के छायाचित्र पर दीप प्रवज्जलित व फीता काटकर शुभारंभ किया गया। आलोक जिला शिवपुरी की समस्त कार्यकारिणी एवं विशिष्ट अतिथि समाज के वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



बता दें कि पिछले लगभग 1 साल से क्षेत्र में आलोक संघ के मार्गदर्शन में शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है जिसमें आलोक संघ के मार्गदर्शन में संचालित धायमहादेव शिक्षा एवं जनकल्याण संस्था द्वारा ग्राम नयागांव (खोड़) में निःशुल्क नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की दिनांक 1 नवंबर 2020 से कोचिंग का संचालन किया जा रहा है, जिसमें लगभग 80 बच्चे निशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे थे।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में आलोक संघ द्वारा पिछले लॉकडाउन में आलोक स्वास्थ्य समिति बनाकर, कोविड केयर फंड का निर्माण किया गया। जिसमें सदस्यों द्वारा लगभग ?80000 तथा विभिन्न चिकित्सीय उपयोग की सामग्री उपलब्ध कराई गई, जिनका उपयोग दूसरी लहर में कई सारे सदस्यों ने किया।

### कार्यालय खोलने का उद्देश्य

कोरोना की तीसरी लहर की संभावना को देखते हुए, बनाई गई आलोक स्वास्थ्य समिति के माध्यम से स्वास्थ्य के क्षेत्र में विपरीत परिस्थितियों में सामान्य जन को मदद पहुंचाना एवं आवश्यकता होने पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में शासन प्रशासन की मदद करना।

एवं धायमहादेव शिक्षा एवं जनकल्याण संस्था के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में जो कार्य किया जा रहा है, उस को मजबूती प्रदान करना।

## नामांतरण और हक त्याग की व्यवस्था के संबंध में जागरूकता अभियान चलाएं : मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

**'पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड, पुष्पांजली टुडे**

### (नकली दूध के विरुद्ध शुरू होगा सघन अभियान)

भोपाल।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अविवादित नामांतरण के लिए स्थापित नई व्यवस्था की जन सामान्य को जानकारी देने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाए। भूमि संबंधी दस्तावेजों में त्रुटि सुधार के लिए अगस्त माह में एक सप्ताह का विशेष रिकार्ड शुद्धिकरण सप्ताह मनाया जाएगा। रिकॉर्ड के कम्प्यूटिकरण के दौरान हुई त्रुटियों के सुधार के लिए किसानों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान राजस्व,कृषि, विद्युत, सहकारिता, पशुपालन विभाग से संबंधित दिन प्रतिदिन के कार्यों में आने वाली समस्याओं के संबंध में किसान मंच के पदाधिकारियों से मंत्रालय में चर्चा कर रहे थे। बैठक में किसान प्रतिनिधियों के साथ-साथ कृषि उत्पादन आयुक्त के. के. सिंह,अपर मुख्य सचिव पशुपालन जे.एन. कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव किसान कल्याण अजीत केसरी, प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे, प्रमुख सचिव राजस्व मनीष रस्तोगी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### जले ट्रांसफार्मर की जगह अधिक क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाए जाएं

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हक त्याग के संबंध में राजस्व विभाग और पंजीयक विभाग परस्पर समन्वय से स्पष्ट व्यवस्था स्थापित करें तथा हक त्याग के प्रावधानों और व्यवस्थाओं के संबंध में भी व्यापक प्रचार अभियान चलाया जाए। सीमांकन के लिए मशीनें बढ़ाई जाएंगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जले ट्रांसफार्मर की जगह अधिक क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाए जाएं। बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए सब स्टेशन स्तर पर शिकायत निवारण शिविर आयोजित किए जाएं। प्रदेश में नकली दूध के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि फसल कटाई में राजस्व को कृषि विभाग आवश्यक सहयोग प्रदान करे।



### सहकारी संस्थाओं की गंभीर शिकायतों की जांच अब प्रशासनिक अधिकारी करेंगे

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश की मंडियों में मानक परीक्षा मशीनें लगाई जाएंगी। लहसुन, प्याज की सफाई में लगी महिलाओं को हम्मालों को मिलने वाली सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सहकारी संस्थाओं की गंभीर शिकायतों की जांच अब प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कराई जाएगी।

### आर आई एवं पटवारियों को गृह तहसील में पदस्थ नहीं किया जाए

मुख्यमंत्री श्री चौहान से किसान मंच के प्रतिनिधियों ने निम्नलिखित बिन्दुओं पर भी चर्चा की

- रजिस्ट्री होते ही नामांत्रित दस्तावेज उपलब्लध कराये जाएं।
- फौती नामंत्रण समय सीमा में पटवारियों द्वारा गांव में पंचायत के प्रस्ताव से किया जाए।
- पटवारी ही कंप्यूटर रिकार्ड में दर्ज करें इसकी जवाबदारी निश्चित की जाए।
- अविवादित बटवारा आपसी सहमती के आधार पर नोटरी कराने पर तहसीलदार द्वारा किया जाए।
- विभाग द्वारा खसरा ङ्ग1में की गई त्रुटियों को विभाग द्वारा सुधार किया जाए।
- खेतों के परंपरागत रास्तों का नक्शे में अंकन किया जाए।
- आर आई एवं पटवारियों को गृह तहसील में पदस्थ नहीं किया जाए।
- पटवारियों को राजस्व के कार्य के लिए ही अधिकृत किया जाए अन्य सभी काम एवं प्रोटोकॉल के लिए अलग से अधिकारियों की नियुक्ति की जाए।
- पहाड़ों पर गिट्टी खनन की परमिशन ऐसे स्थान पर दी जाए जहां पर खनन के पश्चात उसका उपयोग जल संग्रह के लिए हो सके।
- सहकारी संस्थाओं के समस्त कार्य व्यवहार कंप्यूटरीकृत किया जाए तथा पारदर्शिता लागू की जाए।

## वन-टू-वन

### लालटिपारा पार्क की बाउंड्रीवाल के चारों ओर एवं गौशाला रोड पर लगेंगे 1000 पौधे

**ग्वालियर।** शहर के प्रत्येक क्षेत्र में एक ग्रीन जोन बनाने के उददेश्य से किए जा रहे पौधा रोपण अभियान के तहत निगम द्वारा लालटिपारा पार्क की बाउंड्रीवाल के चारों ओर एवं गौशाला रोड पर लगभग 1000 पौधे लगाए जाने हैं जिसके लिए मशीन द्वारा गडडे कराए गए तथा विभिन्न स्थानों पर पौधा रोपण किया गया। नोडल अधिकारी पार्क श्री मुकेश बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान के शहर में अलग अलग प्रत्येक क्षेत्र में ग्रीनजोन बनाया जा रहा है। जिसमें पौधारोपण के साथ ही पौधों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी के तहत लालटिपारा पार्क की बाउंड्रीवाल के चारों ओर एवं गौशाला रोड पर लगभग 1000 पौधे लगाए जाने हैं जिसके लिए मशीन द्वारा गडडे कराए जा रहे हैं। जिनमें आगामी दिनों में पौधारोपण कराया जाएगा। इसके साथ ही आज ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र में तुलसी बिहार पार्क , अमरकंटक पार्क एवं होमगार्ड परिसर में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 70 पौधे लगाए गए एवं 15 वायुदूत एप डाउनलोड कराये गए। इस अवसर पर उद्यान पर्यवेक्षक श्री राजकुमार राजावत सहित क्षेत्रीय नागरिकगण मौजूद रहे। इसके साथ ही वार्ड 23 कब्रिस्तान में गड्ढे कराकर पौधारोपण कराया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि शिवराम जाटव सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय क्विज कॉन्टेस्ट में डॉ. शिराली ने जीता गोल्ड

**ग्वालियर।** ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ ऑब्स एंड गायनी द्वारा आयोजित मेधा क्विज कॉन्टेस्ट में ग्वालियर की डॉ. शिराली रुनवाल ने संपूर्ण देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है ! उक्त प्रतियोगिता के.बी.सी के फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट की तर्ज पर ट्ठ÷हाइपरटेंसिव डिसऑर्डर्स इन प्रेगनेंसी विषय पर आधारित थी, जिसमें डॉ. शिराली का स्कोर साढे तेइस हजार से भी ऊपर रहा ! उन्हें यह सम्मान राष्ट्रीय अध्यक्ष ट्ठडॉ. शांता कुमारीट्ठ, ट्ठडॉ. अश्वत्थ कुमार व ट्ठडॉ. उदय थानावालाट्ठ की उपस्थिति में प्रदान किया गया ! उल्लेखनीय है कि ट्ठगजरा राजा मेडिकल कॉलेजट्ठ से पी.जी. कर रहीं डॉ. शिराली रुनवाल ने अपना शोधकार्य शासकीय कमलाराजा अस्पताल, ग्वालियर की वरिष्ठ प्रसूति एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ प्रोफेसर डॉ. वृंदा जोशीट्ठ के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है !

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**ग्वालियर।** शहर के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में स्थित किशन बाग में रहने वाले एक युवक ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनों को कमरे में उसका शव फांसी पर लटका मिला। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के किशन बाग में रहने वाला बकारत खान 45 वर्ष बीती शाम बाजार से आया और खाना खाने के बाद कमरे में सोने चला गया। सुबह परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो उसका शव फांसी पर लटका हुआ था ।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतक के शव को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को शासन की अन्य योजनाओं का भी मिले लाभ

**ग्वालियर।** राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत शहरी पथ विक्रेताओं को आर्थिक रुप से संबंल प्रदान करने के लिए पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के ऋण प्रदान किए जा रहे हैं। योजना की समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता द्वारा अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने की कार्यवाही करें तथा योजना से जुडे हिग्राहियों को भारत सरकार की महत्वकांक्षी 8 योजनाओं का लाभ दिलाने की कार्यवाही करें। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत पीएम स्वनिधि योजना को लेकर अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता द्वारा योजना के तहत लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अपर आयुक्त श्री गुप्ता द्वारा राजस्व कर संग्रहकों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों को निर्देश दिए गए कि पीएम स्वनिधि योजना के ऑनलाइन पोर्टल पर प्रदर्शित लंबित प्रकरणों को तत्काल बैंक प्रेषित किए जाकर कार्यशील पूंजी ऋण 10 हजार रुपए का वितरण कराया जाए तथा ऐसे हितग्राही जिनसे संपर्क नहीं हो पा रहा था एवं उनके मोबाईल बंद आ रहे थे। उन हिग्राहियों से पुनः डोर टू डोर सर्वे कर या मोबाइल से सम्पर्क कर उनका भौतिक सत्यापन किया जाए। वहीं ऐसे हितग्राही जिन्होंने 10 हजार रुपए का ऋण लेकर समय पर किश्त का भुगतान किया, उन्हें 20 हजार रुपए का ऋण दिलाने एवं लाभांन्वित हितग्राहियों के परिवार की सोशियों इकोनोमिक प्रोफाइलिंग कराकर भारत सरकार की महत्वकांक्षी 8 योजनाओं का लाभ दिलाने की कार्यवाही करें।

# हरियाली अमावस्या पर ग्वालियर-चंबल संभाग के प्रत्येक जिले में होगा वृहद वृक्षारोपण

### संभाग आयुक्त ने कार्यक्रम को भव्यता देने के लिये अधिकारियों के साथ की बैठक

**ग्वालियर।** ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों में हरियाली अमावस्या 8 अगस्त को एक साथ वृहद वृक्षारोपण का कार्य किया जाएगा। हरियाली अमावस्या पर प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक वृक्षारोपण अभियान में अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़कर वृक्षारोपण का कार्य होगा। जिलों में प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं जिला मुख्यालय पर नगरीय क्षेत्र के सभी वार्डों में भी वृक्षारोपण किया जाएगा। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना की अध्यक्षता में गुरूवार को अंकुर अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण के लिए एक बैठक का आयोजन कर कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम स्वरूप प्रदान किया गया। बैठक में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री किशोर कान्याल, एडीएम श्री रिंकेश वैश्य, संभागीय उपायुक्त श्री मंडलोई, नगर निगम के पार्क अधीक्षक श्री मुकेश बंसल सहित वन विभाग एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित हुए। संभाग आयुक्त श्री




आशीष सक्सेना ने अभियान के संबंध में बताया कि हरियाली अमावस्या के दिन ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों में वृहद वृक्षारोपण का कार्य किया जाना है। इस अभियान के तहत ग्वालियर-चंबल संभाग में 4 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। इस अभियान के प्रथम चरण में प्रातः 8 बजे से वृक्षारोपण के साथ-साथ जिला स्तरीय आयोजन होंगे। इस आयोजन में सांसद, मंत्रिगण सहित जिले के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता कर रहे लोगों से जिला स्तर से गूगल मीट के माध्यम से चर्चा भी की जाएगी। संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने बताया कि प्रातः 9 बजे से संभाग स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस आयोजन में भी वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की सहभागिता रहेगी। वृक्षारोपण के साथ-साथ गूगल मीट के माध्यम से सभी जिलों के कार्यक्रमों में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को सीधे प्रसारण से जोड़ा जाएगा। उन्होंने सभी जिलों के अधिकारियों को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम को भव्यता के साथ मनाने के निर्देश दिए हैं। इस अभियान में अधिक से अधिक जनभागीदारी हो, इस पर भी विशेष जोर दिया।

# मांग में सिंदूर भरकर पत्नी बनाने का नाटक किया, दुष्कर्म के बाद गर्भपात कराया

### अब पीड़िता को जहर खिलाकर मारने की कोशिश

**ग्वालियर।** पति से अलगाव हुआ तो दोस्त मददगार बना। शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। एक साल साथ रखने के बाद महिला गर्भवती हुई, तो गर्भपात करा दिया। घटना डबरा थाना क्षेत्र के रामगढ़ रोड की है। जब पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया, तो आरोपी ने घर वालों की मदद से पीड़िता को जहर दे दिया। होश आने पर युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने केस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पिछोर निवासी 24 वर्षीय युवती ने शिकायत की है, तीन साल पहले उसका पति से अलगाव हो गया था। इसके बाद उसका दोस्त जितेन्द्र नामदेव पुत्र घनश्याम नामदेव निवासी आलमपुर हाल निवासी बिलौआ मदद करने लगा। कुछ दिन बाद उसने शादी का वादा किया। इसके बाद वह उसे अपने साथ परिचित के मकान पर ले गया। यहां शादी का वादा कर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने विरोध किया, तो आरोपी ने उसकी मांग में सिंदूर भरकर उसे पत्नी स्वीकार कर लिया। इसके बाद उसे पत्नी बनाकर किराए के मकान में रखा। जब वह गर्भवती हुई, तो



आरोपी ने उसे गर्भपात कराया।

**शादी करने का देता रहा आश्वासन:** जब भी वह शादी का दबाव बनाती, तो आरोपी अपनी बहन की शादी के बाद शादी का वादा कर उसका शोषण करता रहा। इस दौरान वह उसे कई जगह घुमाने भी ले गया। उसके फोटो व वीडियो भी बना लिए थे।

**आरोपी निकला शादीशुदा:** लगातार शोषण और हर बाद वादे से मुकरने पर पीड़िता आरोपी के घर आलमपुर पहुंची। यहां पता चला कि आरोपी पहले से शादीशुदा है। जब उसने उसके पिता और भाइयों को घटना की जानकारी दी, तो उन्होंने उसके सामने पैसे लेकर पीछा छोड़ने की बात रख दी।

**पानी में मिलाकर दिया जहर:** इसके बाद जितेन्द्र ने उसकी पिटाई कर दी। इसी बीच, आरोपी के घर वालों ने उसे जहर दे दिया। जब हालत बिगड़ी तो आरोपी के भाई उसे अस्पताल में भर्ती कराकर भाग गए। अस्पताल में होश आने के बाद पीड़िता थाने पहुंची।

### युवक ने अपनी पत्नी पर पेट्रोल पीने के लिए दबाव बनाया, जब महिला ने इनकार किया तो उसके ऊपर डालकर आग लगा दी

**ग्वालियर।** एक युवक जबरन पत्नी को पेट्रोल पिला रहा था। जब पत्नी ने पेट्रोल पीने से मना किया तो पति ने गुस्से में आकर उसके ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। घटना बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के सोनारो की बगिया रामदास घाटी की है। महिला गंभीर रुप से आग से झुलस गई। पीड़िता को



उसकी जेठानी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच के बाद सनकी पति पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के सोनारो की बगिया निवासी माधवी खटीक पत्नी गोविन्द खटीक रहती है। दो दिन पहले वह घर का काम कर रही थी कि तभी उसका पति गोविन्द आया और उसके हाथ में पेट्रोल की बोतल देकर बोला कि इसे पीलो, जब उसने इनकार किया तो आरोपी ने बोतल उससे छीनकर उसके ऊपर उड़ेल दी और माचिस से आग लगा दी। आग लगते ही उसने मदद के लिए आवाज लगाई तो जेठानी रतना वहां पर पहुंची और पानी डालकर आग बुझाई और उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गई। जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। बहोड़ापुर थाना प्रभारी अमरसिंह सिकरवार के मुताबिक महिला की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### निगमायुक्त श्री वर्मा ने किया नालों का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**ग्वालियर।** निगमायुक्त शिवम वर्मा ने नाका चंद्रवदनी सहित विभिन्न क्षेत्रों में नाला सफाई एवं अमृत योजना की लाइनों का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त राजेश श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री आर के शुक्ला, जागेश श्रीवास्तव, परियोजना अधिकारी शिशिर श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। निगमायुक्त श्री वर्मा द्वारा नाकाचंद्रवदनी क्षेत्र में रानीपुरा नाला, देवनगर नाला एवं कैंसर हास्पिटल पहाडी के पास से निकलने वाले नाले एवं नाका क्षेत्र में अन्य स्थानों का निरीक्षण किया तथा नाला सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को देखा। निगमायुक्त श्री वर्मा ने विभिन्न स्थानों पर नालों की सफाई तत्काल कराने के निर्देश संबंधित सहायक स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।













स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478